संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -149 सोमवार , 01 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# इंडिया ने महारैली में रखी केजरीवाल-सोरेन की रिहाई की मांग

**» पार्टियों को समान अवसर,**
**» इलेक्टोरल बॉन्ड पर रखी ये 5 मांगें**

**नई दिल्ली, 31 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस की तरफ से एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सोनिया गांधी ,मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारुक अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी सहित कई नेताओं ने हिस्सा लिया।. विपक्षी दलों की तरफ से रामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं गयी है. जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली में मंच से 'इंडिया गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं।

### विपक्ष ने रखी 5 सूत्री मांग

भारत के चुनाव आयोग को चुनाव में समान अधिकार सुनिश्चित करनी चाहिए.
चुनाव आयोग को एजेंसियों की कार्रवाई रोकनी चाहिए।
अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को रिहा करना चाहिए।
सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इलेक्टोरल बांड की एक एसआईटी बनाकर जांच हो।
विपक्षी पार्टियों के जो अकाउंट फ्रीज किए गए हैं वह तुरंत खोले जाए।

### लोकसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आज कल आईपीएल के मैच चल रहे हैं। आप सभी ने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है।. जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर,खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है। हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है, हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। ये जो उनका 400 पार का नारा है, वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है। कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे सभी बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनाव के बीच में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक अकाउंट बंद कर दिए। हमारे सारे संसाधनों को बंद कर दिया गया। ये कैसा चुनाव हो रहा है? नेताओं को जेल में डाला जाता है। ये मैच फिक्सिंग करने की कोशिश की जा रही है।

### महारैली में सोनिया गांधी ने भी लिया हिस्सा

आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित महारैली में मलिकार्जुन खरगे, फ़ारुक अब्दुल्ला, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव, के साथ-साथ सोनिया गांधी ने भी हिस्सा लिया। सोनिया गांधी ने भीड़ का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।



### सुनीता केजरीवाल ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश

सुनीता केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की महारैली में केजरीवाल का संदेश पढ़ा.।उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे भारत वासियों, आप सभी अपने इस बेटे का प्रणाम स्वीकार करिए, मैं वोट नहीं मांग रहा, किसी को चुनाव जिताने हराने की बात नहीं कर रहा। भारत को एक नया भारत बनाने की बात कर रहा हूं। हमारे देश के पास सब कुछ है। मैं जेल में हूं यहां सोचने का काफ़ी समय मिलता है। भारत मां के बारे में सोचता हूं, भारत मां दर्द में हैं, जब लोगों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती, सही इलाज के बिना लोग कर जाते हैं, पावर कट लगते हैं, सड़कें टूटी हैं। आइए एक नया भारत बनाते हैं,जहां सबको खाना मिले, कोई ग़रीब अनपढ़ न रहे, सबको अच्छी शिक्षा,अच्छा इलाज मिले. 24 घंटे बिजली हो,शानदार सड़कें हों. भारत के अध्यात्म को विश्व के कोने कोने तक पहुंचाएंगे. मैं ऐसा भारत बनाने के लिए आवाज़ करता हूं। अगर आप इंडिया गठबंधन को मौक़ा देते हैं तो हम एक नया भारत बनायेंगे. केवल नाम में नहीं, दिल में इंडिया है।

### देश में लोकतंत्र खतरे में: भगवंत मान

इंडिया गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा,देश का लोकतंत्र खतरे में है..ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है. ये 140 करोड़ लोगों का देश है... ये(भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज़ कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे?। हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गों के सिर पर ताज होता है। मैं नमस्कार करता हूं कि इन्होंने (कल्पना सोरेन और सुनीता सोरेन) इतने दुख झेले, इन्होंने क्या-क्या नहीं देखा। अरविंद केजरीवाल को तो आप(भाजपा) गिरफ्तार कर लेंगे लेकिन आप उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे?। अरविंद केजरीवाल कोई व्यक्ति नहीं है,अरविंद केजरीवाल सोच का नाम है।

### यह लोकतंत्र और संविधान पर हमला: शरद पवार

इंडिया गठबंधन महारैली में एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा,...इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है.। इसे(लोकतंत्र) बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

## आप के नेता से आपको घबराहट किस बात की है?: अखिलेश यादव

महारैली को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ये रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ



खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये ऐलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। आज हम दिल्ली आए हैं। सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं। दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा-हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं. ये लोग(भाजपा) जो 400 पार का नारा दे रहे हैं, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है?... मैं तो उस उत्तर प्रदेश से आता हूं जहां के लोगों ने भाजपा को मौका दिया और उनका स्वागत किया लेकिन याद रहे कि उत्तर प्रदेश के लोग जो स्वागत करते हैं वो धूम-धाम से विदाई भी करते हैं... आपने चुने हुए लोगों और मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया।

## देश में आघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है: तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ...हम लोगों ने पहली रैली पटना में की, दूसरी मुंबई में की और तीसरी दिल्ली में हो रही है। देश के कोने-कोने में जहां भी हम जा रहे हैं, वहां जनता का साथ मिल रहा है... जिस हिसाब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है।नफरत की राजनीति की जा रही है।. हम चाहते हैं कि इस लड़ाई में हमें आपका साथ मिले। जो लोग नारा लगाते हैं कि अबकी बार 400 पार, उनका मुंह है, कुछ भी बोलेंगे लेकिन एक बात तय है कि जनता ही मालिक है। वे(भाजपा) लोग नारा लगा रहे हैं तो ऐसा लग रहा है कि पहले से ही ईव्हीएम सेटिंग हो चुकी है। देश में आघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है। देश में सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो बेरोजगारी है, महंगाई है, गरीबी है।तेजस्वी यादव ने कहा, पीएम मोदी ने कोई नौकरी नहीं दी, सब कुछ का नीजिकरण कर दिया। हम लोगों ने बिहार में 17 महीने में 5 लाख नौकरी देने का काम किया। आज किसान तबाह हैं, युवा परेशान हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को किसानों से मिलने का समय नहीं है. मोदी जी मिलेंगे तो प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं मिलेंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### पार्टी के प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने थामा बीजेपी का दामन

**देहरादून, 31 मार्च 2024 (ए)।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश में लगातार कमजोर होती जा रही है। पार्टी को एक के बाद एक झटके लगते जा रहे हैं। प्रदेश



कांग्रेस में इस्तीफे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कार्यकर्ताओं की नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसके चलते नेता बीजेपी का दामन थामते जा रहे हैं। अब कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व 2022 में कांग्रेस के टिकट पर कालाढूंगी विधानसभा सीट से विधायक का चुनाव लड़ चुके महेश शर्मा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है।

### बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की 8वीं लिस्ट

**नई दिल्ली , 31 मार्च 2024 (ए)।** बीजेपी ने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी आठवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में ओडिशा, पंजाब





और पश्चिम बंगाल के 11 प्रत्याशियों का नाम शामिल है। बीजेपी ने सनी देओल का पत्ता काट दिया है। उनकी जगह पर गुरदासपुर लोकसभा सीट से दिनेश सिंह 'बब्बू' को टिकट दिया गया है। अमृतसर से तरणजीत सिंह संधू को टिकट दी गई है। वहीं आप से आए सुशील रिंकू और कैप्टन अमरिंदर की पत्नी को भी उम्मीदवार बनाया गया है।

### पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

**मुंबई ,31 मार्च 2024 (ए)।** पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जहां 19 अप्रैल को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 97 प्रतियोगी मैदान में हैं, लेकिन इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस, भाजपा, शिवसेना और बसपा सहित मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबले की उम्मीद है। रामटेक निर्वाचन क्षेत्र में मान्यता प्राप्त दलों के तीन उम्मीदवारों में राजू परवे (शिवसेना), श्यामकुमार बर्वे (कांग्रेस) और संदीप मेश्राम (बसपा) शामिल हैं, हालांकि गैर-मान्यता प्राप्त दलों से 13 और 12 निर्दलीय हैं।

## आयकर विभाग ने कांग्रेस को थमाया एक और नोटिस

### अब तक 3567 करोड़ रुपये टैक्स की डिमांड

**नई दिल्ली, 31 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच राजनीति लड़ाई के बीच करवंचना का दंगल चल रहा है। आयकर विभाग कांग्रेस को नोटिस पर नोटिस दे रहा है और कांग्रेस एक भी नोटिस का जवाब नहीं दे पा रही है। कांग्रेस पार्टी पर कर, ब्याज और पेनाल्टी के रूप में आयकर विभाग का अब तक 3567 करोड़ रुपए बकाया हो गया है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस को 3567 करोड़ रुपये के नोटिस थमाए हैं। आयकर विभाग ने कांग्रेस को असेसमेंट ईयर 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) का नोटिस जारी किया है।



### मुश्किलें नहीं हो रही हैं कम

कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस को असेसमेंट ईयर 2014-15 से 2016-17 के लिए 1745 करोड़ रुपये का नोटिस थमाया है। इस नोटिस के साथ आयकर विभाग ने कांग्रेस को 3567 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं। कांग्रेस ने बताया कि शुक्रवार को आयकर विभाग से मिले नोटिस में 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि उसे आयकर विभाग की ओर से नए नोटिस मिले हैं, जिसमें असेसमेंट ईयर 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) का नोटिस थमाया है। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स के अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स में छूट को खत्म कर दिया है और पूरे जमा पैसों पर टैक्स लगा दिया।सूत्रों ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई थर्ड पार्टी एंट्री पर भी कांग्रेस पर टैक्स लगाया है।

## लालकृष्ण आडवाणी किए गए भारत रत्न से सम्मानित

**» राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घर जा कर दिया सम्मान;**
**» पीएममोदी भी रहे मौजूद**

**नई दिल्ली, 31 मार्च 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। गौरतलब है कि शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर व कृषि वैज्ञानिक डॉ.एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। लेकिन अस्वस्थ होने के कारण राष्ट्रपति भवन न पहुंच पाने के कारण शनिवार को लालकृष्ण आडवाणी को यह सम्मान नहीं प्रदान किया जा सका था। ऐसे में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।



## 150 मीटर गहरी खाई में गिरा वाहन

### दो की मौत 11 घायल

**टिहरी, 31 मार्च 2024 (ए)।** रविवार को टिहरी के गजा तहसील के डुवाकोटी के पास एक बड़ा हादसा हो गया। टाटा सूमो गाड़ी अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें सवार 13 लोगों में से दो की मौत हो गई है जबकि 11 घायल हो गए। उन्हे विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। रविवार को एक टाटा सूमो गाड़ी टिहरी से चंबा जा रही थी। टिहरी के गजा तहसील के डुवाकोटी के पास वह अनियंत्रित होकर 150 मीटर खाई में गिर गई। वाहन में सवार 13 लोगों में से दो की मौत हो गई और 11 घायल हो गए हैं।



## टीएमसी के पूर्व सांसद का विमान-फ्लैट समेत 3 राज्यों में करोड़ों की संपत्ति सीज

**नई दिल्ली/कोलकाता, 31 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसी ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद केडी सिंह की अध्यक्षता वाले अल्केमिस्ट ग्रूप के 29 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के बीचक्राफ्ट विमान, फ्लैट और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत कुर्क कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह जांच सीबीआई, यूपी पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि समूह ने अपनी कंपनियों जैसे अल्केमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड में आम जनता से 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि झूठ बोलकर एकत्रित की। ईडी ने एक बयान में कहा कि इनमें एक किंग एयर सी90ए विमान, हिमाचल प्रदेश के शिमला और सिरमौर जिलों और मध्य प्रदेश के कटनी जिले में फ्लैट और जमीन शामिल है। एजेंसी ने कहा कि हरियाणा के पंचकुला में पार्श्वनाथ रॉयल प्रोजेक्ट में अलकेमिस्ट रियल्टी लिमिटेड द्वारा खरीदे गए कुल 18 फ्लैट और शिमला (ग्रामीण) और सिरमौर के क्योंथल में लगभग 250 बीघा और 78 बीघा जमीन भी कुर्क की गई है।



## बीजेपी ने मतदान से पहले ही 10 सीटों पर हासिल की जीत

**ईटानगर,31 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के साथ देश के चार राज्यों में चुनावी बिगुल बज चुका है। अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों पर भी 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इस बीच यहां से एक बड़ी खबर सामने आई है। अरुणाचल की 10 सीटों पर भाजपा को वोटिंग से पहले ही जीत मिल गई है। इनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन भी शामिल हैं। पेमा खांडू ने मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया था। चूंकि किसी और उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया। ऐसे में खांडू को निर्विरोध चुन लिया गया। बाकी नौ सीटों पर भी इसी तरह भाजपा उम्मीदवारों को जीत मिली है।



मुख्य चुनाव अधिकारी पवन कुमार सेन ने बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध चुना गया। उन्होंने कहा कि छह विधानसभा क्षेत्रों में एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है, जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपना पर्चा वापस ले लिया है। भारत-चीन सीमा के पास मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में खांडू का यह चौथा कार्यकाल होगा।

## आप ने बीजेपी पर लगाया गंभीर आरोप

### आबकारी नीति घोटाले के गवाह और भाजपा के बीच हैं संबंध

**नयी दिल्ली, 31 मार्च 2024 (ए)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित आबकारी नीति घोटाले के एक गवाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच संबंध होने का आरोप लगाया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इसकी जांच कराने की चुनौती दी।

आप के वरिष्ठ नेताओं दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को भाजपा की सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है।





मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को आबकारी नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।
आतिशी ने कहा, 'मैं ईडी को चुनौती देती हूं कि अगर यह एक स्वतंत्र जांच एजेंसी है कि वह इस 'कनेक्शन' (संबंध) को रिकॉर्ड में लाए और इसकी जांच करे।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का शराब व्यापारियों की तथाकथित 'साउथ लॉबी' से संबंध है।

### आप के आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है

आप नेताओं ने दावा किया कि केजरीवाल को चार बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जिनमें मगुंटा का बयान भी शामिल है।

## संपादकीय

# मजबूत बैंकिंग जरूरी

तकरीबन एक दशक तक फंसे कर्ज यानी गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में इजाफा होने तथा जोखिम आंकने, खासकर कॉर्पोरेट ऋण के जोखिम के अंकन में शिथिलता के बाद अब देश का बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है। उसका मुनाफा बढ़ रहा है और निवेशकों का विश्वास नए सिरे से बहाल हो रहा है।हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री तथा इंडिया बैंक्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। सर्वेक्षण में 23 बैंकों को शामिल किया गया था और उसने दिखाया कि बैंकिंग क्षेत्र कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें परिसंपत्ति की गुणवत्ता तथा ऋण वृद्धि शामिल थी।सर्वे के निष्कर्षों में यह भी कहा गया कि बैंक अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) व्यवस्था को अपनाने को भी तैयार हैं और वे जलवायु अनुकूलन तथा उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। इसमें पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियां अपनाने को आर्थिक मदद देने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा तटीय इलाकों में जैव ईंधन का इस्तेमाल रोकने जैसे कदम शामिल हैं।ये पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) पहलों का हिस्सा हैं। सर्वेक्षण में शामिल बैंकों में से 83 फीसदी ने कहा कि उनके ऋण मानक आसान हुए हैं या अपरिवर्तित रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक वृद्धि का अनुमान दर्शाया, एनपीए में कमी आने की बात कही और कहा कि क्षेत्रवार जोखिम में कमी आने की उम्मीद है।चुनिंदा क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण वितरण में इजाफा हुआ है। इसमें अधोसंरचना, लौह और इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण तथा औषधि क्षेत्र शामिल हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये वही क्षेत्र हैं जहां एनपीए का स्तर भी अधिक है। अगर इन क्षेत्रों की पहुंच आसान ऋण तक बनी रहती है तो इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंकों को एक बार फिर फंसे हुए कर्ज के चक्र में फंसने से बचना चाहिए।आमतौर पर बैंक अपने बही खातों में संकटग्रस्त परिसंपत्तियों को लेकर संतुष्ट हैं। सर्वेक्षण में शामिल 77 फीसदी बैंकों ने कहा कि बीते छह महीनों में उनके एनपीए में कमी आई है। आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 फीसदी के दायरे में रहेगा। यह आशावाद बेवजह नहीं है क्योंकि सकल एनपीए वित्त वर्ष 2018 के अंत के 11.6 फीसदी से कम होकर गत वर्ष सितंबर में 3.2 फीसदी रह गया था। फंसे हुए कर्ज में नया इजाफा भी कम हुआ है।स्वाभाविक सी बात है कि इससे बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार होगा। यह बहुत राहत की बात है क्योंकि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंक अच्छी हालत में हैं। बहरहाल भविष्य के मुनाफे को लेकर चिंता बरकरार है। सर्वेक्षण में अधिक ब्याज दर वाले जमा की ओर स्पष्ट बदलाव देखने को मिला। करीब 70 फीसदी बैंकों ने कहा कि कुल जमा में करंट अकाउंट सेविंग्स अकाउंट (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम हुई है।कासा कम लागत वाली जमा राशि है जो बैंकों द्वारा जुटाई जाती है। कम लागत वाली जमा राशि का अर्थ है कम मुनाफा मार्जिन। इसके अलावा वाणिज्यिक बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आपस में जुड़े होने के कारण बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढने् से संकट के समय हालात मुश्किल हो सकते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने हालिया प्रकाशनों में इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया था। इस संबंध में गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को अपने फंडिंग स्रोत में विविधता लानी चाहिए और उसे बैंकिंग से इतर ले जाना चाहिए।बहरहाल, बैंकिंग क्षेत्र की सेहत में सुधार से अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्र सरकार ने महामारी के बाद आर्थिक सुधार को मदद देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाया और अब वक्त आ गया है कि निजी क्षेत्र पूंजीगत व्यय में इजाफा करे। बेहतर बैंक बैलेंस शीट से यह बदलाव संभव हो सकता है।

# स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता

हमारे देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण-त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

शीतला माता देवी है जो गधे पर सवार होती है और नीम के पत्तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।

इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को



ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं।स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां**
**दिगम्बरराम,**
मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालंकृतमस्तकाम्।

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है।

आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है।

लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# दिल्ली में क्या होगा उप राज्यपाल का अगला कदम


दिल्ली सरकार को 25 मई के पहले बर्खास्त किया जाएगा या उसके बाद? फिलहाल यही इकलौता प्रश्न है। दिल्ली में उसी दिन लोक सभा चुनाव हैं। उसके पहले कोई कदम उठाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली की सीटें जीतने की संभावना पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच तानों की जंग जितनी लंबी चलेगी, उतने लंबे समय तक केजरीवाल को यह साबित करना होगा कि वह एक दमनकारी सरकार के राजनीतिक बंदी हैं, न कि एक भ्रष्ट व्यक्ति जैसा कि भाजपा दावा कर रही है।हर दूसरे दिन जेल में बंद मुख्यमंत्री के साथी बाहर यह घोषणा करते हैं कि उन्होंने जेल से क्या निर्देश' दिया है या क्या निर्णय' लिया है। इसकी प्रतिक्रिया में उप राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी।हमें एक बात समझ लेनी चाहिए कि अनुच्छेद 239 एए और एबी के तहत दिल्ली के उप राज्यपाल को यह अधिकार है कि वह भारत के राष्ट्रपति को सूचित करें कि ऐसी स्थिति बन गई है जहां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रशासन संविधान सम्मत तरीके से से नहीं चलाया जा सकता है और वह सरकार को बर्खास्त करने की अनुशंसा कर सकते हैं।उन्हें इसमें इतना वक्त क्यों लग रहा है? लोक सभा में दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) का कोई सांसद नहीं है। वहां सभी सात सांसद भाजपा के हैं। उप राज्यपाल के प्रतिनिधित्व वाली केंद्र सरकार का वास्तविक लक्ष्य है राज्य सरकार की विश्वसनीयता को प्रभावित करना। आमतौर पर यह काम पार्टी की प्रदेश इकाई का होता है। इस मामले में भाजपा की दिल्ली इकाई इतनी निष्प्रभावी है कि उसे इस काम के लिए संवैधानिक मुखिया की मदद लेनी पड़ी जबकि यह काम निर्वाचित नेताओं का था।विनय कुमार सक्सेना को 2022 में दिल्ली का उप राज्यपाल बनाया गया था। इससे पहले 2015 में उन्हें खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष बनाया गया था। मूल रूप से कानपुर के रहने वाले सक्सेना ने अपना करियर राजस्थान की एक निजी कंपनी में सहायक अधिकारी के रूप में शुरू किया था। सन 1995 में वह धोलेरा बंदरगाह परियोजना के महा प्रबंधक बनकर गुजरात चले गए जिसे अदाणी पोर्ट्स लिमिटेड और जे के व्हाइट सीमेंट द्वारा विकसित किया जा रहा था। उन्हें न केवल सीईओ बनाया गया बल्कि परियोजना का निदेशक भी बना दिया गया।वर्ष 2000 से आज तक सक्सेना को अगर किसी से डर लगा है तो वह हैं मेधा पाटकर। सन 1990 के दशक में जब सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई



बढ़ाने के विरुद्ध बाबा आमटे और मेधा पाटकर के नेतृत्व वाला नर्मदा बचाओ आंदोलन चरम पर था उस समय सक्सेना ने एक स्वयंसेवी संगठन की स्थापना की जिसका नाम था नैशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज (एनसीसीएल)।उन्होंने आलेख प्रकाशित कराने आरंभ किए और पाटकर की गतिविधियों के विरुद्ध सशुल्क विज्ञापन देने शुरू किए। उन्होंने आरोप लगाया कि वह राष्ट्र विरोधी हैं तथा उन्हें संदिग्ध विदेशी माध्यमों से पैसे मिल रहे थे। पाटकर की मांगें एकदम साधारण थीं- बांध की ऊंचाई बढ़ाने से निश्चित तौर गुजरात और राजस्थान के कई जल संकट वाले इलाकों की प्यास बुझाने में मदद मिलती लेकिन इससे मध्य प्रदेश के हजारों लाखों लोगों को अपने घरों से उजड़ना पड़ता।बांध की ऊंचाई बढ़ाने तथा जल भराव वाले इलाके का विस्तार करने से पहले इन लोगों का पुनर्वास करना जरूरी था। इन दलीलों के सही गलत होने से परे नर्मदा बचाओ आंदोलन एक समय गुजरात में बदनाम हो गया था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपने रुख के समर्थन में हरसंभव सहायता जुटाने की कोशिश की। राज्य सरकार की ओर से सक्सेना ने बीड़ा उठाया और पाटकर के खिलाफ मुकदमा लड़ा।बदले में पाटकर ने उनके खिलाफ अवमानना के मामले दायर किए जो अभी भी चल रहे हैं। मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रिय काम के लिए सक्सेना का समर्थन यहीं नहीं रुका। उनके स्वयंसेवी संगठन ने ही चिंतक आशिष नंदी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी। उनका आरोप था कि 2007 के विधानसभा चुनाव के बाद नंदी ने एक लेख लिखा था जिसने राज्य की छवि खराब' की थी और हिंदुओं तथा मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक दुर्भावना' बढ़ाई।प्रतिवाद में नंदी ने कहा कि यह प्राथमिकी दुर्भावना के साथ दर्ज कराई गई है और उन्हें उनके विचार व्यक्त करने के लिए दंडित करने की कोशिश की जा रही है। गुजरात पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने गई और आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने 2011 में नंदी को राहत प्रदान की।सक्सेना के कार्यकाल में ही केवीआईसी को कॉर्पोरेट में बदला गया और उसने मुनाफा कमाया। परंतु यह आदेश भी था कि उसके कर्मचारी आजीवन खादी के बने कपड़े पहनेंगे। सक्सेना के नेतृत्व में केवीआईसी ने प्रमुख कपड़ा ब्रांड मसलन रेमंड्स और अरविंद मिल्स के साथ अनुबंध किए ताकि खादी की मार्केटिंग की जा सके।2017 में पहली बार फैब इंडिया जैसी कंपनियों और एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी वेबसाइटों को ट्रेडमार्क के उल्लंघन का कानूनी नोटिस दिया गया क्योंकि ये कंपनियां और प्लेटफॉर्म जिन कपड़ों को खादी के नाम से बेच रहे थे वे खादी नहीं थे और उन पर केवीआईसी द्वारा जारी टैग या लेबल नहीं लगा था।'मुकदमों का इतना अनुभव होने के बाद भी वह कौन सी बात है जो सक्सेना को केजरीवाल को पद से हटाने के लिए कानून का इस्तेमाल करने से रोक रही है? शायद इसका जवाब 25 मई के बाद मिलेगा।

**-आदिति फडणीस-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## भोले को अपनाया

समय की धारा बहती जाती,
मद्धिम -मद्धिम जीवन में,
भोले ने श्वांसों में आकर,
खुशियां भर दी जीवन में।
समय की धारा ...
हमनें अपनेपन की भाषा,
में भोले को बोला था,
शब्दों की थोड़ी बना चाशनी,
प्रेम का रस उसमें घोला था।
समय की धारा ...
कहीं मिले मां-सी ममता,
कहीं पिता-सा स्नेह मिले,
कामधेनु-सी झोली भोले की,
मन भर कर फिर प्यार मिले।
समय की धारा ....
धरा अगन-सी चाहे तपती,
छांह नहीं पेड़ों की मिलती,
भोले की छाया में हमको,
हर रुत सावन-सी लगती।
समय की धारा ..
शब्दों के इस महाकोष में,
बस भोले ही तो बिखरे हैं,
भोले को जब अपनाया तो,
धरा के जन-जन निखरे हैं।
समय की धारा ...



**कार्तिकेय कुमार**
त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मेहनत

मेहनत करके जिंदगी में,
आगे हमको बढ़ना है!
आलस्य का त्यागकर,
तन मन से परिश्रम करना हैं!
जीवन में संघर्ष करके,
तकदीर को संवारना हैं!
मेहनत करके हमें,
सफलता को पाना हैं!
मेहनत का फल मीठा होता हैं,
मेहनत हमें करना हैं !
धुप गर्मी आंधी तूफान सहकर,
सपनों को पूरा करना हैं!
मेहनत करने से बदलते हैं,
भाग्य की लकीर !
मेहनत से ही घर,पुल,
बगीचे, बांध बनते हैं!



**कृष्णा चौहान**
अमेरी,बरमकेला
-सारंगढ़-
बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सरकार रूपी रोटी को उलटते-पलटते रहें

2024 के लोकसभा चुनाव देश के लिये विशेष महत्व और चिंता के चुनाव है। जहां एक तरफ देश का एक बौद्धिक हिस्सा चुनाव के बाद की संभावनाओं को लेकर आशंका व्यक्त कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर देश के ग्रामीण और आम आदमी प्रधानमंत्री के प्रति उत्साह से सराबोर है। विशेषतरू राम मंदिर के निर्माण, फिर प्राण प्रतिष्ठा, फिर अबूधावी में स्वामी नारायण मंदिर का शिलान्यास और अब बनारस की ज्ञानव्यापी और मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को लेकर एक जुनूनी वातावरण जैसा है।देश के बौद्धिक जगत के एक बड़े हिस्से में जो आशंकायें हैं वह हो सकता है कुछ कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता की वजह से भी हों या सत्ता हासिल करने के लिये पिछले कुछ समय से जिस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप चुनावी बहस का आधार बनाये जाते हैं उन्हें देखते हुए इन आशंकाओं के पूर्वाग्रह होने के आरोप को भी एकदम नकारा नहीं जा सकता। परंतु कुछ समय से और विशेषतरू मप्र, छग और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की कार्य पद्धति में जो परिवर्तन दिख रहे हैं वे कुछ आशंकाओं को सिद्ध तो करते हैं। वैसे तो पिछले लगभग आजादी के बाद से ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन में देश के सत्ताधारी दल के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री का निर्णायक हस्तक्षेप रहा है। परंतु पिछले 55 वर्षों से यानि 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी के बहुमत से जीत जाने के बाद श्हाईकमान्य के नाम से मुख्यमंत्री नामजदगी की परंपरा शुरू हुई और यह बीमारी यहां तक पहुंची कि चुनाव के बाद पार्टियों के विधायक दल चाहे मुख्यमंत्री के पद का चुनाव हो या नेता प्रतिपक्ष का चयन हो, चयन करने के लिये स्वतंत्र नहीं होते तथा एक लाइन का प्रस्ताव पारित करते हैं कि हाईकमान को अधिकार दिया जाता है। यह एक प्रकार से दलों में लोकतांत्रिक प्रणाली का समापन और चरम व्यक्तिवाद और केंद्रीयकरण का उदभव था। यह चलन कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय पार्टियों में भी रहा क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के राज्य प्रमुख जो होते हैं वे स्वयंभू सर्वेसर्वा होते हैं।हालांकि भाजपा में यह चलन एकदम उस रूप में शुरू नहीं हुआ था जिस रूप में कांग्रेस में आया था। और वहाँ एक स्तर पर विधायकों की राय को भी जाना जाता था, जो संघ के लोग संगठन मंत्री होते थे वे भी अघोषित रायसुमारी विधायकों में करते थे और इन सब सूचनाओं के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री के पद का चयन करता था। परंतु इन तीन राज्यों के चुनाव में अप्रत्याशित और विशाल बहुमत की जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और विशेषतरू प्रधानमंत्री को एक छत्र शक्तिशाली बना दिया है। तथा केंद्रीयकरण का चरम रूप देखने को मिल रहा है। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नामजदगियाँ बगैर किसी रायशुमारी के सीधे केंद्रीय नेतृत्व ने की है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दिखाने का प्रयास भी नहीं किया। विधायक दलों की बैठक में जो केंद्रीय पर्यवेक्षक भेजे गये उन्होंने विधायकों को एक पर्ची दिखाकर बता दिया कि यह केंद्र का निर्णय है और विधायकों ने बिना चू-चपड़ के पर्ची के आदेश को शिरोधार्य किया। पर्ची से मुख्यमंत्री के जन्म की यह नई परिपाटी जो भाजपा में शुरू हुई है यह लोकतांत्रिक तो नहीं ही है इसके साथ ही एक खतरनाक केंद्रीयकरण की





भी शुरुआत है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संचालक और उनकी टीम की क्या भूमिका है मैं नहीं जानता, परंतु इसके पहले तक विधायक दलों के चुनाव में जो भूमिका संगठन मंत्रियों के माध्यम से संघ की सुनने या जानकारी में आती थी वह इस बार नहीं लग रही है। हालांकि संघ का शिक्षण व संस्कार भी एक अंधानुकरण का है, याने जिस प्रकार एक गड़रिया समूचे भेड़ों के समूह को हाँकता है और वे उसका आदेश मानकर चलती हैं वही अनुशासन की परिपाटी संघ की रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में जनसंघ व भाजपा इस परिपाटी से अभी तक कम से कम दिखावे में मुक्त थी परंतु अब वह दिखावे का हिस्सा भी भाजपा ने छोड़ दिया। हालांकि इसका एक अच्छा भी परिणाम हुआ है कि लंबे समय तक मुख्यमंत्रियों के पदों पर बैठे रहे जो अपना गुट या समर्थकों अथवा कृपा वालों का गुट बनाकर स्थाई जैसे हो गये थे, उनके हाथ से सत्ता छिन गई। निरंतर और स्थाई सत्ता, जड़ता और तानाशाही पैदा करती है। इसलिये सत्ताधारी राजनैतिक दलों में भी परिवर्तन होना चाहिए। मेरी राय में तो हर 5 सालों में नेतृत्व में सत्ता के व संगठन के दोनों में परिवर्तन होना चाहिए। दलों के सत्ता और संगठन के नेतृत्व में परिवर्तन होते रहने से नया नेतृत्व उभरेगा तथा परिवारवाद भी कम होगा। यह लोकतंत्र के लिये भी शुभ है और नये नेतृत्व के लिये उभरने के लिए आवश्यक है। जिस प्रकार पुराना वृक्ष जिसकी जड़ें मजबूत हो जाती हैं, वह सारा रस खींच लेता है और अपने नीचे आस-पास किसी नये पौधे को नहीं पनपने देता वही स्थिति राजनीति की भी होती है।एक जो दूसरा चिंताजनक पहलू है वह भी विचारणीय है। इन विधानसभा के चुनाव में और चुनाव के बाद पार्टी और सरकार के कार्यक्रम के नाम पर एक नया जुमला शुरू हुआ है, वह है मोदी गा र ंट ी। विधानसभा चुनाव में स्वतरू प्रधानमंत्री ने मोदी गारंटी का सभाओं में उल्लेख किया। यह कहते हुये कि मोदी गारंटी मतलब उसका क्रियान्वयन होना निश्चित है। इस कथन का एक अर्थ यह हुआ कि जो वायदे सूबाई सरकार के मुखिया कर रहे थे उनके क्रियान्वयन की गारंटी नहीं थी बस केवल प्रधानमंत्री जी के वायदे के क्रियान्वयन की गारंटी है तथा विधानसभा चुनाव की जीत के बाद भी यही कहा गया कि जीत का कारण केवल मोदी गारंटी है। याने देश की जनता का विश्वास एक मात्र केवल मोदी जी पर ही है और अब भाजपा शासित सभी राज्यों पर हर विज्ञापन में सिर्फ दो ही चित्र दिखते हैं ऊपर प्रधानमंत्री का, नीचे मुख्यमंत्री का।इतना ही नहीं राज्यों में हो रहे छोटे बड़े हर काम का लोकार्पण, विमोचन, शिलान्यास और शुरुआत प्रधानमंत्री जी या तो सशरीर उपस्थित होकर या फिर वर्चुअली याने वीडियो कांफ्रेंस से कर रहे हैं और उनके हर कार्यक्रम और भाषण को राज्यों में मंत्रियों, मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों को सुनना और देखना अपरिहार्य है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम कहने को सरकारी होता है, खर्च और व्यवस्था पूर्णतरू सरकारी होती है परंतु वह पूर्णरूपेण दलीय कार्यक्रम होता है। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के नाम पर इन आयोजनों में सभी बड़े-छोटे नौकरशाह और कर्मचारी भी शामिल होते हैं यह एक प्रकार से नौकरशाही का दलीयकरण है और दलों का नौकरशाहीकरण है।भारतीय संविधान ने देश के प्रशासन तंत्र को याने नौकरशाही को दलीय राजनीति से मुक्त रखा है। हमारे देश में इन्डपेंडेंट ब्यूरोक्रेसी है। कमिटेड ब्यूरोक्रेसी नहीं है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां कमिटेड याने प्रतिबद्ध नौकरशाही है। जैसे अमेरिका में यह परंपरा है कि राष्ट्रपति के चुनाव के बाद पिछले राष्ट्रपति के विश्वसनीय उच्च नौकरशाह बदल जाते हैं और नव नियुक्त राष्ट्रपति अपने पक्ष के नौकरशाहों को लाता है। कम्युनिष्ट देशों में तो दलीय तंत्र ही सत्ता तंत्र होता है। वहां दल के संगठन का निर्वाचन होता है और वही जनमत का निर्णय मान लिया जाता है। यह साम्यवादी तानाशाही होती है परंतु भारत और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों में अभी तक यह चलन नहीं था। भारत की ब्यूरोक्रसी को शायद पहले चरण में कमिटेड ब्यूरोक्रेसी बनने के लिये मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी संसद से लेकर सड़क तक और अब उनकी पार्टी भी मोदी इस बार चार सौ पार का नारा लगा रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में अपना लक्ष्य तय करने का अधिकार सभी दलों को होता है और उनको भी है परंतु लगातार चार सौ की सख्या के उल्लेख के पीछे कुछ अन्य मनोवैज्ञानिक संकेत भी हो सकते हैं जैसे भारतीय संविधान को बदलने के लिये और नया एक धर्म के देश का संविधान लाने के लिये, न्यायपालिका को सत्ता परक बनाने व उसकी स्वतंत्रता समाप्त करने के लिये संसद का तीन चौथाई सदस्य संख्या घोषित रूप से नहीं पर अघोषित रूप से जरूरी है और मौखिक प्रचार से गांव-गांव में यह कहा भी जा रहा है कि मोदीजी को हमें इसलिये 400 की संख्या में जिताना है कि वे संविधान को बदल सकें और हिंदू राष्ट्र बना सकें।जिस प्रकार का मोदी गारंटी और मोदी का चित्र और नाम का प्रचार हो रहा है उससे एक ओर आशंका को बल मिलता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा आगामी लोकसभा के चुनाव में 400 की संख्या लाने के बाद देश में संवैधानिक ढांचे को बदल दें और अभी देश ने जो संसदीयलोकतंत्र स्वीकार किया है उसे बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लाने का भीतर का लक्ष्य हो। तब यह प्रचार किया जायेगा कि संसदीय लोकतंत्र होने की वजह से सरकार काम नहीं कर पाती है याने लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिपक्ष अडंगेबाजी करता है इसलिये अब देश में राष्ट्रपति प्रणाली होना आवश्यक है ताकि एक ही व्यक्ति सारे निर्णय कर सके। यह आशंका इसलिये भी तार्किक लगती है क्योंकि संघ के मूल विचारक स्वर्गीय गुरु गोलवलकर जी ने अपनी पुस्तक में एक व्यक्ति केन्द्रित राष्ट्र की कल्पना की है। वो संसदीय लोकतंत्र के पक्षधर नहीं थे बल्कि राष्ट्रपति प्रणाली के पक्षधर थे।

**-रघु ठाकुर**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# ईशा के मृत्यु पर विजय के पर्व
# ईस्टर पर चर्चो में हुआ विशेष प्रार्थना





**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
प्रभु येशु का पुनरुत्थान अर्थात पास्का की वास्तविकता हम ख्रीस्तीयों के लिए आस्था व विश्वास का प्रमुख केंद्र बिंदु है। हम मसीहियों का यह सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्यौहार है क्योंकि यही ख्रीस्तीय विश्वास की आधारशिला है। ईसाई धर्म का अस्तित्व सिर्फ यीशु के पुनरुत्थान के कारण ही संभव हुआ है। उक्त बातें धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनिस बड़ा ने प्रभु ईशा के मृत्यु पर विजय के पर्व ईस्टर की पूर्व संध्या पर नवापारा स्थित बेदाग इश्माता महा गिरिजाघर में समुदाय को संबोधित करते हुए अपने संदेश में कही।

चर्च परिसर में शनिवार रात 10 बजे से विशेष प्रार्थना सभा प्रारम्भ हुई जो मध्य रात्रि तक चलती रही। पूण्य शनिवार की रात 10 बजे पास्का मोमबत्ती के आशीष के बाद समुदाय द्वारा घरों से लाई हुई मोमबत्तियां पास्का मोमबत्ती से प्रज्वलित कर समस्त धर्म विधियां प्रारंभ हुई। समस्त धार्मिक अनुष्ठान बिशप अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में व्हीकर जनरल फादर विलियम उर्रे व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस दौरान पवित्र बाइबिल से नौ पाठों का वाचन डॉ. रोजलिन एक्का, क्रेसेंसिया लकड़ा, अंतोनिस लकड़ा, सिस्टर श्वेता व पारा टोलों से आये समुदाय के लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में फादर अनुरंजन तिग्गा, फादर जोन जयसवाल, फादर मुक्ति व युवा संघ की टीम के भक्ति गीतों से चर्च परिसर गुंजायमान होता रहा। प्रभु यीशु को समर्पित भक्ति गीतों की प्रस्तुति को भक्तों ने खूब सराहा। सुसमाचार का वाचन फादर विलियम उर्रे ने किया। परम प्रसाद वितरण के साथ ही समस्त धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। रात 12 बजते ही चर्च की घंटियां बजना शुरू होते ही चर्च के बाजू में ही काथलिक युवा मंच के युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशियों के संदेश को दिया। इस अवसर इस अवसर पर महापौर अजय तिर्की, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, फादर अमृत, फादर निर्दोष, फादर पीटर, फादर ज्ञान प्रकाश लकड़ा, फादर माइकल तिर्की, ई पीएचई प्रदीप खलखो, डॉ. योगिता, सभापति फ्रांसिस केरकेट्टा, रुबेन तिग्गा, कुलदीप कुजूर, अरुण मिंज, जगजीत मिंज भानु दादा, बिपिन व युवा संघ, महिला संघ के पदाधिकारी, सहित शहर में समुदाय द्वारा संचालित संस्थानों के प्रमुख फादर सिस्टर्स व हजारों की संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।

# 18 निजी स्कूलों के 58 बसों का किया गया भौतिक परीक्षण




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा 31 मार्च को सकालो नर्मदापुर स्थित अम्बिका ऑटो फिटनेस सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 18 निजी स्कूलों के 58 बसों का भौतिक परीक्षण किया गया। जिसमें सभी फिट पाया गया। इसके अलावा 61 बस चालकों एवं हेल्फरों का भी नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जिसमें 10-12 लोगों को नेत्र दोष पाया गया। जिन्हें चिकित्सकों ने चश्मा लगाने की समझाइश दी है। इसके अलावा इन्हें समय-समय पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु हिदायत दी गई। तथा खास तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल बसों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया गया है उसका कड़ाई से पालन करने हेतु हिदायत दी गई है। बसों के आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए, स्कूली बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स की व्यवस्था करें, प्रत्येक बसों में आग बुझाने के उपकरण होने चाहिए, अगर किसी एजेंसी से बस अनुबंध पर ली गई है, तो उस पर ऑन स्कूल ड्युटी लिखी होनी चाहिए, बसों में सीट क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए, प्रत्येक स्कूल बस में हॉरिजेंटल ग्रिल लगे हों, स्कूल बस पीले रंग का हो, जिसके बीच में नीले रंग की पट्टी पर स्कूल का नाम और फोन नम्बर लिखा होना चाहिए, बसों के दरवाजे को अंदर से बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए, बस में सीटें के नीचे बैग रखने की व्यवस्था होनी चाहिए, बसों में टीचर जरूर होने चाहिए, जो बच्चों पर नजर रखें, प्रत्येक बस चालक को कम से कम 5 साल का भारी वाहन चलाने का अनुभव हो, किसी भी ड्राईवर को रखने से पहले उसका सत्यापन जरूरी है, एक बस में कम से कम दो चालक होने चाहिए, चालक का कोई चालान नहीं होना चाहिए और न ही उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज हो।

# तलवार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
बस स्टैण्ड स्थित पुलिस सहायता केन्द्र की पुलिस ने तलवार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 30 मार्च को बस स्टैण्ड स्थित पुलिस सहायता केन्द्र की पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की एक व्यक्ति ऑटो स्टैंड में तलवार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा है। जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी मोहेलाल राजवाड़े उम्र 46 वर्ष, निवासी नवागढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 508 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
नशीले इंजेक्शन के साथ गांधीनगर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 508 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया है। जिसकी कीमत 13 हजार 399 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

सीएसपी रोहीत शाह ने बताया कि 30 मार्च की शाम को गांधीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह को मुखबिर से जानकारी मिली की थाना क्षेत्र के महुआपारा चर्च के पास गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर गांधीनगर थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तीनों युवकों को हिरासत में लेकर इनकी पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो कुल 508 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गौरव पाण्डेय (25) निवासी गांधीनगर बाजार के पास, राहूल साहू (20), निवासी गनई थाना पटना, जिला कोरिया, हाल मुकाम राशि कॉलोनी, साई मंदिर रोड़ सुभाषनगर, अम्बिकापुर, अनुज केरकेट्टा (27) महुआपारा, अम्बिकापुर के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सीएसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने उक्त नशीले इंजेक्शन को झारखंड के गढ़वा निवासी अंकित जायसवाल द्वारा दिए जाने की बात बताई है। गिरफ्तार तीनों आरोपी नशे के अवैध करोबार में काफी दिनों से संलिप्त हैं। ये नशीले इंजेक्शन को वहां से कम दाम में खरीद कर नशेडियों से ऊंचे दामों में बेचते हैं।



# गैर इरादतन हत्या के मामले में जेसीबी चालक गिरफ्तार




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा कठरापारा में जेसीबी से दीवार तोड़ा जा रहा था। इस दौरान दीवार मकान मालिक के पिता पर गिर गया और दबने से गंभीर रूप से वह जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र के रिपोर्ट पर पुलिस ने जेसीबी चालक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार राजेश किण्डो जजगा कठरापारा का रहने वाला है। इसके पिता बलराम किण्डो के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। पुराने कच्चे के मकान तोड़वाकर पीएम आवाज निर्माण कराने के लिए जेसीबी से दीवार तोड़वा रहा था। इस दौरान 29 मार्च को जेसीबी से दीवार तोडऩे के क्रम में दीवार बलराम के ऊपर गिर गया। इस दौरान चालक को रूकने के लिए हाथ से इसारा किया गया पर वह नहीं रूका। गंभीर स्थिति में बलराम को इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र राजेश की रिपोर्ट पर सीतापुर पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक गंगाधर यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304(ए) के तहत कार्रवाई कर जेल दखिल कर दिया है।



# 5 किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
आबकारी विभाग के उडऩ्दस्ता दल ने 5 किलो गांजा के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। टीम ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

आबकारी उडऩ्दस्ता 31 मार्च को मुखबिर से जानकारी मिली की लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम असकला निवासी बिमा यादव महिला अपने घर से गांजा का अवैध करोबार कर रही है। सूचना पर टीम उसके घर में दबिश दी। टीम को देखकर महिला गांजा लेकर घर के पीछे के रास्ते से भागने की कोशिश करने लगी। जिसे टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से कुल 5 किलो गांजा जब्त किया गया है। टीम ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की एक हफ्ता पहले भी श्याम सुंदर मिश्रा को 3.0 किलो गांजा में जेल दाखिल किया गया था उसके पूर्व बलराम मिश्रा को भी 3.5 किलो गांजा में जेल दाखिल किया गया था।। नशीले पदार्थों के विरुद्ध उडऩ्दस्ता टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रहेगी।

# युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में प्रेमी गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में धौरपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। शादी का झांसा देकर आरोपी युवती से चार वर्षो से बलात्कार कर रहा था। इसके बाद वह शादी करने से इंकार कर दिया था। इसके बाद युवती 19 फरवारी को युवक के घर के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय दिनेश सिंह पुसाम धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेश्वरपुर का रहने वाला है। वह शादी का झांसा देकर पिछले चार वर्षो से एक युवती से बलात्कार कर रहा था। इसके बाद युवक शादी करने से इंकार करते हुए धमकी देकर बोला था कि तुम अपने समाज के लडक़े से शादी कर लो। 19 फरवारी को युवती अपने प्रेमी के घर आकर शादी करने के लिए जोर जबरदस्ती करने लगी। इस दौरान लडक़ी ने बोली की तुम शादी का झांसा देकर क्यों मेरे साथ प्रेम संबंध बनाया। इसके बावजूद भी युवक उससे शादी करने के लिए राजी नहीं हुआ। इससे नाराज होकर युवती अपने प्रेमी के घर के बाहर कटहल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# उज्जवल भविष्य की कामना के साथ 8वीं के बच्चों को दी गई स्कूल से विदाई



**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
शासकीय माध्यमिक शाला मोहनपुर के आठ वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल साय, उपाध्यक्ष जमीला देवी, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक निरंजन विश्वास, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक वर्षा पटेल एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्व प्रथम आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का अन्य बच्चों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट एवं बैच लगाकर तथा स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात आठवी कक्षा के सभी छात्रों ने विद्यालय में बिताए दिनों के संबंध में अपना-अपना अनुभव साझा किया। संबोधित करते हुए शिक्षक अशोक कुमार तिर्की, द्वारिका प्रसाद पात्र, विनीता सिंह तथा सभी अतिथियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की अच्छी शिक्षा हेतु हर संभव सहयोग का आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम का संचालन कुमारी जीया द्वारा किया गया।

# चौपाटी में पिकअप वाहन की टक्कर से हुई मवेशी की मौत

## महिला व बच्चा दुर्घटना से बाल बाल बचे,वाहन चालक के ऊपर लोगों का फूटा आक्रोश पुलिस के हस्तक्षेप से हुआ पुरा मामला शांत

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 31 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**
प्रतापपुर में इन दिनों शराबी वाहन चालकों में पुलिस का खौफ कम दिखाई दे रहा है। आए दिन तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से जहां जान माल की हानि हो रही है वहीं प्रतापपुर के स्थानीय हनुमान मंदिर के सामने चौपाटी के बीचो बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से एक मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियो की माने तो इस भीड़भाड़ वाले जगह में तेज रफ्तार पिकअप वाहन मवेशी को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होते हुए एक महिला व एक बच्चे को कुचलते कुचलते बचा. माहिला व बच्चे दूर जा गिरे. तेज रफ्तार वाहन चालक के ऊपर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस में तत्काल माहौल को शांत किया लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहन सहित चौपाटी के बाहर तक लोगों की वाहनों बेतरतीब की लाइन खड़ी होती है जिसके वजह से घटना बढ़ जाती है। तथा चौपाटी के सामने भीड़ हो जाने के कारण वह मुख्य मार्ग होने की वजह से बड़ी घटना होते होते बची, यहां यह पशु का कुचलने का पहला मामला नहीं है इसी स्थान पर दर्जनों पशुओं की मौत वाहन की टक्कर से हो चुकी है।



# आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक!; हालिया सर्वे में बड़ा दावा

**लंदन, 31 मार्च 2024।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का



सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक अपनी उत्तरी यॉर्कशायर सीट भी शायद ही बचा पाएं। बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने इस सर्वे से पहले 15,029 लोगों की राय ली थी। जिसके आधार पर तैयार रिपोर्ट में विपक्षी लेबर पार्टी को 45 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कंजर्वेटिव की तुलना में 19 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष पर रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि आगामी चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की संभावनाए अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। जिसे देखते हुए कहा जा रहा है कि वे इस बार 100 से भी कम सीटें जीत रहे हैं, वहीं, विपक्षी लेबर पार्टी को इसका खासा फायदा मिलेगा। लेबर पार्टी इस बार 468 सीटें जीत सकती है। सर्वे के मुताबिक, इस बार 28 मौजूदा कैबिनेट सदस्य चुनाव लड़ सकते हैं, उनमें से भी केवल 13 ही दोबारा चुने जाएंगे। इस सर्वे को लेकर पूर्व ब्रेक्सिट सचिव और सुनक के बड़े आलोचक लॉर्ड डेविड फ्रॉस्ट ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नवीनतम सर्वेक्षण आंकड़ों से पता चलता है कि कंजर्वेटिव पार्टी हताशा का सामना कर रही है।

### सत्ता-विरोधी लहर से जूझ रही सुनक की पार्टी

इस बीच, चुनाव से पहले आए अधिकांश सर्वे में कंजर्वेटिवों के मुकाबले लेबर पार्टी को आरामदायक बढ़त मिलती हुई दिखाई दे रही है। मौजूदा समय में पार्टी सियासी उथल-पुथल, रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ती लागत के संकट और बढ़ते आप्रवासन के बीच सत्ता-विरोधी लहर से जूझ रही है।

# मेडागास्कर में गैमेन तूफान की वजह से मची तबाही

## 18 लोगों की मौत, विस्थापित किए गए 20 हजार लोग

**एटानानारीवा, 31 माच 2024।** मेडागास्कर द्वीप पर आए चक्रवाती तूफान गैमेन की वजह से बड़ी तबाही मची है। इस तूफान की वजह से इस सप्ताह कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा अब तक 20 हजार लोग विस्थापित किए जा चुके हैं। तीन लोग घायल हैं और चार लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ब्यूरो (बीएनजीआरसी) ने एक रिपोर्ट में बताया है कि उष्णकटिबंधीय चक्रवात गैमेन ने बुधवार और गुरुवार को मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में तबाही मचा दी।



### 'गैमेन' तूफान ने मचाई तबाही

बीएनजीआरसी ने गुरुवार देर रात बताया कि चक्रवाती तूफान 'गैमेन' ने बुधवार सुबह मेडागास्कर के उत्तरी क्षेत्र में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तबाही मचा दी। धीरे धीरे यह खत्म तो हुआ लेकिन बाढ़ की वजह से बड़ा नुकसान हो गया। कई सड़कें और पुल ढह चुके हैं। देश के सात क्षेत्रों को तबाह करने वाले चक्रवात से 9,024 घरों सहित कुल 36,307 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मेडागास्कर में 'गैमेन' का कहर

बीएनजीआरसी के अनुसार गैमेन चक्रवात की वजह से आई बाढ़ ने देश में व्यापक रूप से क्षति पहुंचाई है। लगभग 6,675 घर जलमग्न हो गए, जबकि 617 घर पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। मेडागास्कर के उत्तर में सड़कें और पुल ढह चुके हैं। इस साल देश में पहले चक्रवाती तूफान के रूप में गैमेन सबसे ज्यादा प्रभावशाली रहा। पिछले साल की शुरुआत में फेडी चक्रवात और उष्णकटिबंधीय तूफान चेन्सो की वजह से 37 लोगों की मौत हो गई थी। हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था।

पाकिस्तान के हाल बेहाल:

# कार्यक्रमों में नहीं होगा रेड कार्पेट का इस्तेमाल, आर्थिक तंगी के बीच लेना पड़ा फैसला

**इस्लामाबाद, 31 मार्च 2024।** पाकिस्तान की आर्थिक तंगी किसी से छिपी नहीं है। आए दिन अपनी गरीबी का दुख सुनाकर आईएमएफ के सामने हाथ फैला देता है। अब पड़ोसी देश के इतने बुरे दिन आ गए है कि उसने सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है।



### रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी

शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई।

### सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना

कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

### अपना वेतन और भत्ता छोड़ने का फैसला


पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री शरीफ और कैबिनेट के सदस्यों ने धन जुटाने के सरकार के प्रयासों के तहत स्वेच्छा से अपना वेतन और भत्ता छोड़ने का फैसला किया था। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी प्राथमिका बेफिजूली खर्च को रोकना है। इससे पहले पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने देश के सामने आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर वेतन और भत्ता नहीं लेने का फैसला किया था।

### सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए होगा इस्तेमाल

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

# आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति पुतिन को लेकर रूस का बड़ा दावा; अब तक 134 की मौत, 551 लोग घायल

**मॉस्को, 31 मार्च 2024।** 22 मार्च को मॉस्को शहर के क्रोकस सिटी कॉन्सर्ट हॉल में घुसे आतंकियों ने गोलीबारी और विस्फोट किया । इस आतंकी हमले में 144 लोग मारे गए थे। इनमें से 134 लोगों की पहचान कर ली गई है, बाकी बचे शवों का आनुवांशिक परीक्षण जारी है। इस हमले में 551 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी मामले में जांच कर रही समिति के प्रेस कार्यालय टीएएसएस द्वारा दी गई है। उधर देश के राष्ट्रपति पुतिन इस आतंकी हमेले के बाद से बेहद परेशान बताए जा रहे हैं।





### जांच समिति ने क्या कहा

जांच समिति का कहना है कि सभी लोग दिन रात एक कर काम कर रहे हैं। इस जघन्य अपराध से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। जांच समिति का कहना है कि आतंकी हमले में मारे गए 144 लोगों में से 134 लोगों की पहचान हो चुकी है और बाकी बचे शवों का परीक्षण लगातार जारी है।

### बेहद परेशान हैं पुतिन

टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि क्रोकस सिटी हॉल पर घातक आतंकवादी हमले के बाद से पुतिन बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी त्रासदियों को देखकर राष्ट्रपति का दिल दुखता है।

### पकड़े गए हमलावरों का यूक्रेन से संबंध- जांच समिति

जांचकर्ताओं के अनुसार, सभी चार संदिग्ध हमलावरों को पकड़ लिया गया है। जबकि उनकी मदद करने वाले पांच संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी है। रूसी जांच समिति का दावा किया कि हमलावरों के यूक्रेन से संबंध हैं। इस हमले में घायल हुए लोगों की संख्या 551 तक पहुंच गई है।

### मॉस्को में क्या हुआ था?

22 मार्च को मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। वहीं, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। हमले में 144 लोगों की मौत हो गई और 550 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

# भारतवंशी राष्ट्रपति ने बंद की पश्चिम की बोलती, कहा- हमारा तेल खनन विनाश, पश्चिम करे तो विकास

**जॉर्जटाउन, 31 मार्च 2024।** गुयाना के भारतवंशी राष्ट्रपति इरफान अली ने पर्यावरण संरक्षण पर पश्चिम के पाखंड को लेकर जोरदार प्रहार किया है। बीबीसी को दिए साक्षात्कार में अली ने कहा कि गुयाना जैसे देश तेल-गैस खनन करते हैं, तो इससे पर्यावरण का विनाश होता है, जबकि पश्चिम के इसी काम को विकास कहा जाता है। इस पाखंड को अब बंद करना चाहिए। बीबीसी के पत्रकार स्टीफन सैकुर ने साक्षात्कार के दौरान भारतवंशी अली से गुयाना के तटीय क्षेत्र में तेल और गैस खनन की योजना को लेकर सवाल किया कि इससे करीब 200 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन होगा। वह अपना सवाल पूरा करते इससे पहले ही अली ने फटकार लगाते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर उन्हें उपदेश देने का कोई हक नहीं रखते हैं। पश्चिम को तो गुयाना जैसे देशों से यह सीखना चाहिए कि प्रकृति और पर्यावरण को कैसे बचाया जाता है। उन्होंने कहा कि आप (बीबीसी) उन लोगों (पश्चिमी देशों) की जेब में हैं, जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के नाम पर पर्यावरण को क्रूरता से नष्ट किया और इसे विकास का नाम दिया है।



**हमारे जंगलों का आनंद ले रही पूरी दुनिया-** गुयाना के जंगल की बात पर सैकुर ने सवाल किया कि क्या इससे गुयाना को कार्बन उत्सर्जन का अधिकार मिल जाता है। इसके जवाब में अली ने कहा कि क्या हमारे उत्सर्जन करने से आपको (पश्चिम) हमें जलवायु परिवर्तन पर उपदेश देने का अधिकार मिल जाता है।

# बाल्टीमोर हादसे को बीत गए पांच दिन,फिर भी जहाज में मौजूद 20 भारतीय; आखिर क्यों?

**न्यूयॉर्क, 31 मार्च 2024।** अमेरिकी शहर बाल्टीमोर में डाली नाम का मालवाहक जहाज 'फ्रांसिस स्कॉट की' पुल से टकरा गया था। इसके बाद पुल पूरी तरह से ढह गया था। इस हादसे को पांच दिन बीत चुके हैं लेकिन जहाज के चालक दल के 20 भारतीय सदस्य अभी भी जहाज पर ही मौजूद हैं।



### जहाज में क्या कर रहे हैं 20 भारतीय?

एक रिपोर्ट के अनुसार जब तक पुल के क्षतिग्रस्त टुकड़ों को साफ नहीं कर दिया जाता, तब तक चालक दल के सदस्य वहीं रहेंगे। इसके साथ ही वे सभी लोग जहाज की देखभाल भी करेंगे। मैरीलैंड के गवर्नर ने बताया कि अधिकारियों द्वारा सबसे पहले मलबे के टुकड़े हटाने की योजना बनाई गई है। उधर अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा बताया गया है कि हादसे के बाद भारतीय चालक दल के एक सदस्य को अस्पताल ले जाया गया था। अब वह जहाज पर लौट आया है। बताया गया है कि चालक दल के सदस्यों को पर्याप्त मात्रा भोजन और पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा जनरेटर को चालू रखने के लिए पर्याप्त ईंधन भी मौजूद है।

### कब लौटेंगे 20 भारतीय?

डाली जहाज की प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन के साथ काम करने वाले एक अधिकारी का कहना है कि अभी यह नहीं कह सकते कि मलबे को कब तक हटाया जाएगा। जब तक राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और कोस्ट गार्ड द्वारा पूरी जांच नहीं की जाती, तब तक चालक दल को नहीं भेजा जा सकता।

### अधिकारियों ने की भारतीय चालक दल की तारीफ

वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा भारतीय चालक दल की तारीफ की गई है। चालक दल द्वारा हादसे से पहले ही स्थानीय अधिकारियों को संदेश भेजे गए थे। इस वजह से तुरंत ही यातायात को रोकने में मदद मिली थी। बता दें कि इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे छह लोगों की मौत हो गई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया है कि चालक दल के 21 सदस्य हैं, जिनमें से 20 भारतीय हैं। सभी सुरक्षित हैं और सभी का स्वास्थ्य ठीक है।

# तुर्किये के नगर निकाय चुनाव में एर्दोगन की असल परीक्षा, इस्तांबुल पर सबकी नजर



**अंकारा, 31 मार्च 2024।** तुर्किये में आज नगर निकाय चुनाव होने जा रहा है। 31 मार्च को हो रहे इस चुनाव को देश के राजनीतिक भविष्य के रुझान की तरह देखा जा रहा है। सभी 81 प्रांतों में मतदान होगा, लेकिन असली लड़ाई 1.6 करोड़ लोगों वाले शहर इस्तांबुल के लिए है। इस देश की राजनीति में एक कहावत है कि जो भी इस्तांबुल जीतता है उसका मतलब है कि वह तुर्किये जीतता है। यही कारण है कि राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन और विपक्ष दोनों के लिए यह चुनाव बेहद अहम है।

### 2019 में हुआ था स्थानीय चुनाव

एर्दोगन 2014 से तुर्की के राष्ट्रपति हैं। मई 2023 में हुए आम चुनाव में वह दोबारा जीतकर राष्ट्रपति बने। जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ही उन्होंने स्थानीय चुनावों का बिगुल बजा दिया था। हालांकि, साल 2019 में देश भर में हुआ पिछला स्थानीय चुनाव उनके लिए निराशाजनक रहा था। उनकी जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) देश के तीन सबसे बड़े शहरों- इस्तांबुल, अंकारा और इजमीर में हार गई थी। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एक्रेम इमामोग्लू से इस्तांबुल हारना एर्दोगन के लिए बड़ा झटका था। इसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में बहुमत हासिल करके राष्ट्रपति बनकर एक बार फिर अपने विपक्षियों पर पलटवार किया।

यह बदलाव देखे जा सकते हैं

आज होने वाले चुनाव नाटो के सदस्य तुर्किये पर एर्दोगन के नियंत्रण को मजबूत कर सकते हैं या प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्था के विभाजित राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का संकेत दे सकते हैं। वहीं, इमामोग्लू के भविष्य में राष्ट्रीय नेता बनने की उम्मीदों को बल मिल सकता है।

दरअसल, एर्दोगन के मुकाबले इमामोग्लू विपक्ष का मुख्य विकल्प बनकर उभरे हैं। माना जा रहा है कि अगर इस बार भी इमामोग्लू चुनाव जीत जाते हैं, तो वह 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में खड़े हो सकते हैं। यह जीत उनकी संभावनाएं बढ़ा देगी, लेकिन अगर वह हारते हैं, तो ये ना केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि विपक्ष की संभावनाओं को भी बड़ा झटका दे सकता है।

### सुबह सात बजे पड़ेंगे वोट

पूर्वी तुर्किये में मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल जाएंगे। वहीं, अन्य जगह सुबह आठ बजे वोटिंग शुरू होगी। सभी जगह शाम सात बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस्तांबुल में इमामोग्लू और एकेपी उम्मीदवार मूरत कुरुम, जो एक पूर्व मंत्री हैं के बीच टक्कर है।

### एर्दोगन के राजनीतिक करियर पर नजर

एर्दोगन ने राजनीतिक करियर की शुरुआत इस्तांबुल से ही की है। साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एर्दोगन इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे। इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में वह देश के राष्ट्रपति बने। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वो तुर्किये को जीतता है।

# ट्रंप ने हाथ-पैर बंधे बाइडन की तस्वीर की साझा, राष्ट्रपति की टीम ने लगाया बड़ा आरोप



**वॉशिंगटन, 31 मार्च 2024।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को राष्ट्रपति जो बाइडन से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। इस वीडियो में एक ट्रक गुजरता दिख रहा है, जिसके पीछे बाइडन की एक तस्वीर लगी है। अब इस वीडियो को साझा करने के लिए ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है। दरअसल, वीडियो में दिखाई गई तस्वीर में हाथ-पैर बंधे हुए राष्ट्रपति बाइडन दिखाए गए है।

### बाइडन की टीम का भड़का गुस्सा

यह वीडियो न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के दिवंगत अधिकारी जोनाथन डिलर के निधन के बाद ट्रंप के निजी जेट में वापस जाने के बाद पोस्ट किया गया था। इसमें कैप्शन लिखा था कि यह वीडियो गुरुवार को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में बनाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर बाइडन के प्रचार अभियान का गुस्सा भड़क गया है। उन्होंने मौजूदा डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति को शारीरिक नुकसान पहुंचाने का सुझाव देने वाले वीडियो की निंदा की है।

### ट्रंप हिंसा को बढ़ावा दे रहे

बाइडन के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइकल टायलर ने कहा, ट्रंप लगातार राजनीतिक हिंसा को भड़का रहे हैं। अब समय आ गया है कि लोग उन्हें गंभीरता से लें। कैपिटल पुलिस के अधिकारियों से पूछें कि छह जनवरी को हुई हिंसा के पीछे किसका हाथ था।

### पूर्व राष्ट्रपति की टीम का जवाब

इस पर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने जवाब दिया, वीडियो एक पिकअप ट्रक का है, जो राजमार्ग से गुजर रहा था। डेमोक्रेट और पागल लोगों ने न केवल राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ घृणित हिंसा का आह्वान किया बल्कि वास्तव में उनके खिलाफ न्याय प्रणाली को हथियार बना रहे हैं।

यूएस सीक्रेट सर्विस ने एक बयान जारी कर कहा कि यह सुरक्षात्मक खुफिया मामलों की पुष्टि या टिप्पणी नहीं करता है। बता दें, वीडियो में ट्रम्प 2024 के साथ एक गुजरते ट्रक को दिखाया गया है। साथ ही पुलिस के समर्थन का दावा करने वाले झंडे दिखाए गए हैं। वहीं वाहन के पिछले हिस्से पर हाथ-पैर बंधे असहाय हालात में दिखाई दे रहे बाइडन की एक तस्वीर लगी है।

# न्यायाधीश की बेटी पर पोस्ट कर फंसे डोनाल्ड ट्रंप, मैनहट्टन के वकीलों ने लगाया गैग का उल्लंघन करने का आरोप



**वॉशिंगटन, 31 मार्च 2024।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। वह कई मुकदमे में अदालतों के चक्कर काट रहे हैं। इस बार हश-मनी मामले में डोनॉल्ड ट्रंप मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। दरअसल, मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

### गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करें

न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है।

### सजा दी जानी चाहिए

सहायक जिला अटॉर्नी जोशुआ स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप अगर आगे उल्लंघन करते हैं तो उन्हें सजा दी जानी चाहिए।

### ट्रंप के वकीलों का यह तर्क

इस पर ट्रंप के वकीलों ने तर्क दिया कि जिला अटॉर्नी का कार्यालय आदेश की गलत व्याख्या कर रहा है। यह आदेश उन्हें एक राजनीतिक सलाहकार लॉरेन मर्चन के बारे में टिप्पणी करने से नहीं रोकता है। बता दें, लॉरेन ने ट्रंप के प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य डेमोक्रेट के लिए अभियानों पर काम किया है।

# क्या शर्मा अस्पताल की तर्ज पर शहर के न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट पर भी पड़ेगा प्रशासन का छापा,होगा इंस्टीट्यूट सील ?

### नियमों को ताक पर रखकर संचालित होता है न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट,हुई है कई बार शिकायत

### शिकायतों पर शर्मा अस्पताल हुआ था सील,प्रशासन ने दिखाई थी सक्रियता,न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट मामले में प्रशासन की सक्रियता का है अब इंतजार

### न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मिली कई खामियां, फिर भी संबंधित विभाग क्या निभा रहा रिश्तेदारी ?



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,31 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में संचालित न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट को लेकर प्रशासन कब सजगता दिखायेगा कब इंस्टीट्यूट की जांच निष्पक्ष तरीके से होगी और कब उसपर कार्यवाही होगी यह इंतजार इंस्टीट्यूट मामले में शिकायतकर्ताओं को है जिन्हे उम्मीद है की कोरिया जिला प्रशासन इंस्टीट्यूट मामले में अवश्य शिकायत करेगा और वह निश्चित ही कार्यवाही भी करेगा। शिकायतकर्ताओं को जिला प्रशासन से यह उम्मीद ऐसे ही नहीं है उन्हे यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि शिकायतों के आधार पर ही जिला प्रशासन ने शहर के शर्मा अस्पताल में छापा मारा था और छापे के दौरान कमियां पाए जाने पर अस्पताल को कुछ दिनों के लिए सील कर दिया था जिसे बाद में अस्पताल संचालक ने कमियां दूर कर ही पुनः संचालित किया जा रहा है जबकि मामले में प्रशासन ने काफी कड़ा रुख दिखाया था। जिले में खासकर जिला मुख्यालय में ही शर्मा अस्पताल भी संचालित है साथ ही जिला मुख्यालय में ही न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट भी संचालित है वहीं दोनों की शिकायत कई बार हुई है जिसमे शर्मा अस्पताल की जांच तो प्रशासन ने काफी निष्पक्ष तरीके से की और उसे सीलबंद भी कुछ दिनों के लिए किया वहीं अब प्रशासन न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट मामले में भी जांच कर कार्यवाही करे यह शिकायतकर्ताओं की मंशा है। न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट का संचालन स्वास्थ्य विभाग में ही कार्यरत संविदा अधिकारी की पत्नी की देखरेख में हो रहा है वहीं एक तरह से संचालन संविदा अधिकारी ही कर रहा है नर्सिंग इंस्टीट्यूट में पत्नी संचालनकर्ता बतौर नाममात्र ही हैं। नर्सिंग इंस्टीट्यूट का संचालन जिस संविदा स्वास्थ्य अधिकारी की पत्नी के नाम पर किया जा रहा है वह संविदा स्वास्थ्य अधिकारी पहले कोरिया जिले में ही पदस्थ था और जिले में पदस्थ होने की वजह से इंस्टीट्यूट को लेकर होने वाली शिकायतों को लेकर वह सजग सतर्क रहता था और जांच के समय वह अपने विभाग में पहुंच पकड़ का फायदा उठाता था जिससे वह जांच को प्रभावित कर ले जाता था लेकिन अब वह अन्य जिले में पदस्थ है और अब यदि जांच हुई तो जांच प्रभावित करने में वह नाकाम साबित होगा और नर्सिंग इंस्टीट्यूट की कमियां खामियां सामने आ सकेंगी और प्रशासन के लिए जांच आसान होगी। अब देखना है की प्रशासन कब इंस्टीट्यूट की जांच करता है और कब नर्सिंग इंस्टीट्यूट की कमियां अनियमितता खामियां सामने आती हैं। न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट शहर में संचालित ऐसा नर्सिंग इंस्टीट्यूट है जिसका संचालन कई खामियों के साथ हो रहा है इंस्टीट्यूट के संचालन में नियमों का ध्यान और पालन नहीं किया जा रहा है यह शिकायत कई बार हुई है और जांच भी हुई है लेकिन जांच के दौरान जब जब जांच हुई नर्सिंग इंस्टीट्यूट के संचालक जिनके पति स्वास्थ्य विभाग कोरिया में ही संविदा अधिकारी थे जांच प्रभावित कर ले जाते थे और जिसकी वजह से इंस्टीट्यूट की खामियां समाने नहीं आ पाती थीं अब जब वह जिले से बाहर अन्य जिले में कार्यरत है जांच की मांग पुनः होने लगी है।


घटती घटना | कोरिया-एमसीबी-समाचार | अम्बिकापुर ,गुरूवार 14 मार्च 2024 | 5

न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मिली कई खामियां, फिर भी संबंधित विभाग आंखें मूंदे क्यों बैठा है ?

क्या नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रहा है न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ? कार्यवाही के लिए जांच प्रतिवेदन भेजा गया संचालनालय

#### निरीक्षण मे कई रहे नदारद

सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज की तीन सदस्यीय दल निरीक्षण में पहुंचा तब उप प्रचार्य अनुपस्थित पाए गए, प्रोफेसर का पद आज तक भरा नहीं गया है, सह प्रध्यापक के पद पर एक की नियुक्ति की गई जो उपस्थित रहे, सह प्रध्यापक 5 में 3 उपस्थित पाए गए, ट्यूटर के 16 पदों के विरूद्ध मात्र 10 की नियुक्ति पाई गई जिसमें 5 अनुपस्थित पाए गए। जांच प्रतिवेदन में साफ उल्लेख है कि निरीक्षण दिवस 118 विद्यार्थियों में कम से कम 13 षिक्षक उपस्थित होना चाहिए था जबकि मात्र 10 की पाए गए।

#### सीएमएचओ को नहीं है आपत्ति

निरीक्षण में आई तीन सदस्यीय दल ने सीएमएचओ डॉ आरएस सेगर से मुलाकात की, जिसमें डॉ सेंगर ने डॉ प्रिस जायसवाल को प्रमाण पत्र जारी कर रखा था कि वो संविदा में रहते उक्त संस्था के मनोनीत सदस्य रहते संस्था का कार्य कर सकते है, उनके इस तरह से संविदा में रहते कार्य करने को लेकर सीएमएचओं को किसी भी तरह की आपत्ति नही है। सीएमएचओं ने डॉ प्रिस जायसवाल को विभागीय कार्य और कार्यालयीन समय के अतिरिक्त अन्य निजी प्रैक्टिस, प्रबंधकीय कार्य करने में कार्यालय सीएमएचओ को किसी तरह की आपत्ति नही है बताया है।

#### कांग्रेस भाजपा दोनों में रिश्तेदारी कायम करने में माहिर हैं डॉक्टर प्रिंस ?

प्रदेश में पहले कांग्रेस की सरकार थी पिछले पांच वर्ष तक तब डॉक्टर प्रिंस जायसवाल कांग्रेस नेताओं के साथ रिश्तेदारी की बात बताकर जलवे अपने बिखेरा करते थे। मंत्रियो के साथ उनकी तस्वीरें भी समाने आया करती थीं। अब सरकार भाजपा की है तब भी डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के जलवे कायम हैं। डॉक्टर प्रिंस जायसवाल भाजपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री को ही चाचा बताकर अब जलवे बिखेर रहे हैं। वैसे डॉक्टर प्रिंस के जलवे अपनी जगह वहीं राजनीतिक रूप से नेताओं की छवि भी धूमिल हो रही है अब डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की कारस्तानियो के कारण। नेताओं मंत्रियो के खास बनकर डॉक्टर प्रिंस जायसवाल अपनी मनमानी लगातार कर रहे हैं और राजनीतिक दलों के नेताओं को गिरफ्त में करने की अपनी कला के सहारे वह अपना मात्र स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधा में वह सेंध लगाने का अपना अभियान इसी तरह जारी रखे हुए हैं।

#### क्या राजनीतिक संरक्षण ही वजह है जिसकी वजह से डॉ प्रिंस के शिकायत मामलो की जांच नहीं हो पा रही है ?

डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की कई शिकायतें विगत कई वर्षों से लंबित हैं। कई बार उनके मामलो में जांच की बात सामने आई लेकिन जांच न हो सकी केवल जांच टीम आई और चाय नाश्ता कर चली गई। पहले कांग्रेस की सरकार में इनके भ्रष्टाचार की जांच की बात इनके नर्सिंग कॉलेज के जांच की बात समाने आई। वहीं तब मामला कांग्रेस नेताओ के दबाव में दबाया गया अब जब भाजपा सत्ता में है तब भी इनके मामले में जांच नहीं हो पा रही है जिससे यह प्रतीत होने लगा है की कहीं राजनीतिक संरक्षण के कारण तो ऐसा नहीं हो रहा है और यह जांच से बचे हुए हैं। वैसे लोगों का मानना है की आम कोई होता अन्य कोई होता बड़ी कार्यवाही होती,चुकीं मामला राजनीतिक संरक्षण का है इसलिए डॉक्टर प्रिंस जायसवाल बचे हुए हैं।

#### संविदा स्वास्थ्य अधिकारी होने का इंस्टिट्यूट संचालिका के पति उठाते रहे हैं फायदा,जांच को करते रहे हैं प्रभावित

एनएमएच कोरिया जिले में पदस्थ रह चुके वहीं वर्तमान में सूरजपुर जिले में प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिस जायसवाल कोरिया जिला प्रशासन सहित राज्य के एनएचएम और स्वास्थ्य विभाग में पैठ बनाकर किस तरह कई तरह की खामियों के साथ अपनी पत्नी के अध्यक्षता वाली संस्था न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का संचालन कर रहे है, इसका खुलासा आरटीआई से मिली जानकारी से हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने केंद्रीय नर्सिंग कॉसिल को जब शिकायत की थी, तब अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज की तीन सदस्यीय दल ने न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का औचक निरीक्षण किया था और डीएमई को जांच प्रतिवेदन दिया था। परन्तु कार्यवाही अभी तक शिफर है। समाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के संचालन व संविदा कर्मी प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल को लेकर ईंडियन नर्सिंग कॉसिंल को की थी, जिसके बाद 18 अक्टूबर 23 को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर की तीन सदस्यीय दलों ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गई, पूरी कार्यवाही की विडीयोग्राफी भी की गई। यह पाया गया कि विद्यार्थियों के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर 150 बेड, एसईसीएल चरचा में (जीएनएम) 50, सीएचसी पटना मे 30 बेड, मेंटल अस्पताल सेंडरी में 20 बेड की अनुमति पाई गई। संस्था का खुद का अस्पताल नहीं पाया गया और इसमें अनुसूचित क्षेत्र बताकर अस्पताल नहीं होने के लिए रियायत दी गई है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि संस्था में प्राकृतिक हवाकी कमी पाई गई प्रकाश की व्यवस्था ठीक पाई गई।

#### अधोसंरचना में काफी कमी

मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के निरीक्षण में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में दो क्लास रूम आवश्यता से आधे वर्ग फीट में पाए गए, नर्सिंग फाउडेषन लैब 18 वर्ग फीट में होना है जबकि मात्र 500 वर्ग फीट पाया गया, कम्यूनिटी और न्यूट्रीशियन लैब 1200 फीट होना चाहिए, जबकि कम्म्यूनिटी लैब सिर्फ 256 और न्यूट्रीशियन लैब 352 वर्ग फीट का ही पाया गया, दोनों मिलाकर आवयकता से आधे 608 वर्ग फीट में संचालित है। कम्प्यूटर लैब 1500 वर्ग फीट में होना चाहिए, जबकि यह मात्र 128 वर्ग फीट में पाया गया, मात्र 10 कम्प्यूटर पाए गए। एमसीएच लैब 900 वर्ग फीट की आवश्यकता है जबकि यहा मात्र 250 वर्म फीट में है, प्री क्लिनिकल लैब के लिए 900 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि 330 वर्ग फीट में पाया गया। एव्ही एड्स लैब के लिए 600 वर्ग फीट चाहिए जबकि यहां 200 वर्ग फीट ही पाया गयां। इस संस्था में बहुउद्देश्यीय हाल उपलब्ध नहीं है इसके लिए 3000 वर्ग फीट होना चाहिए। यहां कॉमन रूम के लिए 1000 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि यहां मात्र 234 वर्ग फीट की जगह पाई गई। स्टॉफ रूम के लिए 800 वर्ग फीट होना चाहिए जबकि यहां सिर्फ 480 वर्ग फीट जगह पाई गई। ण्चओडी रूम 1000 वर्ग फीट होन चाहिए जबकि यहां 585 वर्ग फीट पाया गया। प्राचार्य रूम आवष्यकता 300 और उपलब्धता 144, उप प्रचार्य कक्ष 200 जबकि 100 वर्ग फीट पाई गई लाईब्रेरी 2300 वर्ग आवष्यकता है यहां मात्र 770 वर्ग फीट पाई गई, इसके अलावा टॉयलेट के लिए 1000 वर्ग फीट आवष्यकता है, जबकि 500 वर्ग फीट ही पाया गया।

#### छात्रावास एमएलए नगर में

न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की छात्राओं को एमएलए नगर में 6 भवन किराए पर लेकर रखा गया है। बताया गया कि कम छात्राएं होने के कारण 2 डुप्लेक्स में छात्राओं को रखा गया है जबकि 4 भवन आगामी सत्र के लिए रखा गया है, निरीक्षण टीप से साफ हो रहा है कि टुकडो टुकड़ों में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग संचालित है, स्कूल कही और छात्रावास कही स्थित है, इसके अलावा जिस जगह छात्रावास संचालित है वह एमएलए नगर को नगर पालिका परिषद के द्वारा अवैध घोषित किया जा चुका है।


## सोनार समाज द्वारा प्रतापपुर में प्रथम होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




-संवाददाता-
प्रतापपुर,31 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

रंग पंचमी व होली के अवसर पर सोनार समाज द्वारा प्रतापपुर ब्लॉक में प्रथम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया तथा एक दूसरे को कबीर लगाकर होली उत्सव मनाया गया नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी जिलाध्यक्ष सूरजपुर के अध्यक्षता में संभाग के व कई जिलों के पदाधिकारी के साथ संपन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से संभाग के शिवराम सोनी सुरेश सोनी रघुनाथ सोनी गणेश प्रसाद सोनी युवा जिला अध्यक्ष जवाहरलाल सोनी अंबिका कोरिया जिलाध्यक्ष सम्मानित शंकर प्रसाद , राजेंद्र सोनी ,विजय कुमार सोनी जी श्री राजेश सोनी , गोलू सोनी , प्रमोद सोनी, बलरामपुर रामानुजगंज जिलाध्यक्ष राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सोनी , प्रमुख सलाहकार संतोष कुमार सोनी ओमप्रकाश सोनी कौशिक कुमार सोनी युवा अध्यक्ष बलरामपुर सुरेश सोनी बसंत सोनी ,सुनील सोनी ,सूरजपुर जिले के युवा जिलाध्यक्ष रामलाल सोनी, सूरजपुर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, सुमित सोनी जिला उपाध्यक्ष धरम सोनी , श्याम बाबू सोनी, संभाग प्रमुख सलाहकार भटगांव के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सोनि, विजय कुमार सोनी, संतोष सोनी , शंकर दयाल सोनी, प्रतापपुर ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल सोनी,कृष्णा सोनी , वीरेंद्र सोनी , गिरजा शंकर सोनी , संतोष सोनी , राजीव कुमार सोनी , श्रावण , रमेश विनोद सोनी ,बसंत सोनी , दशरथ सोनी ,जवाहर सोनी , अनिल सोनी , राजेंद्र सोनी , सूरज सोनी , किशोर सोनी ,सुदर्शन सोनी, प्रद्युमन सोनी , भरत लाल सोनी ,अमित कुमार सोनी , अजीत कुमार सोनी, जितेंद्र सोनी, नंदलाल सोनी , हरेक लाल सोनी , अशोक सोनी , दीप नारायण सोनी कुबेर सोनी , विश्वेश्वर सोनी , शिव प्रसाद सोनी ,ओम प्रकाश सोनी , मुकेश सोनी,राजू सोनी,शिवम कुमार सोनी श्रीमती रीता सोनी, जिला उपाध्यक्ष सूरजपुर श्रीमती लक्ष्मी सोनी महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर महिला,मंडल गीता सोनी जी ममता सोनी जी अनारकली सोनी, नीलम सोनी जी मोना सोनी जी कुसुम वर्मा जी शीला वर्मा जी मोनिका सोनी जी वनिता सोनी जी अंजली सोनी, आनंदी सोनी, धनवंतरी सोनी बसंती सोनी किरण सोनी , मोनिका सोनी मंजू सोनी हिना सोनी व सैकड़ो के संख्या में सोनार समाज के बच्चे महिलाएं सम्मिलित हुए।




ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सामूहिक स्वच्छता श्रमदान

## माँ बागेश्वरी लोक न्यास ट्रस्ट की आवश्यक बैठक संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,31 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

मां बागेश्वरी लोक न्यास ट्रस्ट की बैठक अध्यक्ष कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में निर्धारित एजेंडा अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समीक्षा की गई। इससे पूर्व मंदिर के आस पास मंदिर के आस पास श्रम दान कर साफ सफाई किया गया जिसमे कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी ट्रस्ट के सदस्य स्वयं सेवक समूह की महिलाएं शामिल हुई।

उल्लेखनीय है की कुदरगढ़ मे लगने वाले चैत्र नवरात्र के अवसर पर लगने वाले मेला के दृष्टिगत बैठक आयोजित किया गया ताकि धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सेवा प्रदान किया जा सके और उन्हे किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर रोहित व्यास की पहल व उनके नेतृत्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेष नंदनी साहू अपर नयनतारा सिंह एस डी एम सागर सिंह अन्य अधिकारी कर्मचारी ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा सामूहिक स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर उक्त धार्मिक व दार्षनिक स्थल में विशाल मेले का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। साथ ही प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग कुदरगढ़ पहुंच मां बागेश्वरी का दर्शन कर अपनी मन्नत मांगते है और पूरे होने की पश्चात भी लोग पहुंचते है जिससे स्थल पर अत्यधिक मात्रा मे सुखा कचरा प्लास्टिक, कागज इत्यादि का खुले में बिखरे पड़े होते है। सामूहिक स्वच्छता श्रमदान में समस्त फैले सूखे कचरे को एकत्रित कर स्वेच्छाग्राहियों के माध्यम से डिस्पोज करने को कहा गयाकार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा मंदिर समिति के समस्त सदस्यों को भविष्य में लगने वाले मेले में दुकानदारों को स्वयं का डस्टबिन रखने पर ही दुकान लगाने की अनुमति प्रदान किये जाने और मंदिर समिति को साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। दुकानदारों एवं व्यवसायियों को भी निर्देशित किया गया कि दुकान से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को खुले में न फेंके कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु स्वच्छाग्रहियों को दें। जिससे मानव एवं प्राणियों तथा पर्यावरण को कोई हानि न हो। इस वर्ष माता के चेहरे व माथे पर सजेगा स्वर्णाभूषण। जन आस्था के केन्द्र मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ़ में मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट दान में प्राप्त हुए स्वर्ण आभूषणों से देवी का स्वर्ण चेहरा, मुण्ड माल व स्वर्ण छत्र बनाने कलेक्टर व ट्रस्ट के सदस्यों की सहमति से बैठक में निर्णय लिया गया था निर्णय अनुसार उपरोक्त सामग्री निर्माण हेतु दिया जा चुका है। जो आगामी नवरात्र में माता के सिर और चेहरे पर शोभायमान व आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के भुवन भास्कर सिंह भीम सेन अग्रवाल विकास एवं निर्माण समिति के अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल ,सदस्य ओंकार पांडेय, राजेश तिवारी, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े आशीष प्रताप सिंह, अमन प्रताप सिंह,प्रदीप द्विवेदी, बलराम सोनी सावन गोयल शांतनु सिंह,केशव सिंह, दिवाकर जायसवाल नरेश जायसवाल शैलेंद्र गुप्ता व अन्य सम्मानीय सदस्य विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनएसयुआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव
# प्रतीक सिंह को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

**-संवाददाता-**
**रामानुजगंज,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

एनएसयुआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव किया गया। लोकसभा चुनाव के पहले एनएसयूआई द्वारा देश भर में 8 महासचिव तथा 21 सचिवों को नियुक्ति की गई वहीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सरगुजा संभाग से छात्र नेता प्रतीक सिंह को स्थान देते हुए राष्ट्रीय सचिव की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा गुरुवार को यह आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के द्वारा जारी किया गया।

नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी प्रतीक सिंह ने राजनीति की शुरुआत 2009 में एनएसयूआई के साधारण सदस्य के रूप में की एक वर्ष काम करने के बाद महाविद्यालय एनएसयूआई का उपाध्यक्ष बनाया गया वही संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए 2010 में संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया ब्लॉक अध्यक्ष में 2 वर्ष काम करने के बाद अविभाजित सरगुजा का जिला महासचिव बनाया गया।




इस पद पर भी 2 वर्षों तक प्रतीक ने कार्य किया। 2013 में में संगठन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया एनएसयूआई जिला अध्यक्ष के रूप में प्रतीक ने 2013 से 2019 तक कार्य किया। 2019 में एनएसयूआई का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। इस पद पर प्रतीक ने मई 2021 तक कार्य किया। सन 2021 में एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में बड़ी जवाबदारी संगठन की ओर से मिली। एनएसयूआई राष्ट्रीय संयोजक बनने के बाद संगठन के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिये व दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण प्रतीक हमेशा संगठन के नजर में रहे जिस कारण उन्हें एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव के रूप में बड़ी जवाबदारी दी। प्रतीक ने अपने नियुक्ति पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एनएसयूआई राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह देव सरगुजा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का आभार माना।

### 21 वर्ष के उम्र में बने थे पार्षद

प्रतीक एनएसयूआई से जहा राजनीति की शुरुआत की वही मात्र 21 वर्ष की उम्र में नगर पंचायत रामानुजगंज के पार्षद बने वही जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय शासकीय लरंगसाय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने दी बधाई



प्रतीक के से के राष्ट्रीय सचिव बनने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह देव ने मोबाइल पर प्रतीक को बधाई दी वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट कर प्रतीक को एनएसयूआई का राष्ट्रीय सचिव बनने पर बधाई दी।

### 14 वर्षों तक संगठन के लिए निष्ठा से किया काम

प्रतीक 14 वर्षों तक एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर कार्य किया इस दौरान प्रतीक ने कई बड़े छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया यहां तक की प्रतीक के नेतृत्व में महाविद्यालय में एनएसयूआई ने छात्र संघ के चुनाव में जीत भी दर्ज की थी।

## एक दिवसीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

### आदर्श आचार संहिता का पालन करने दिये गये निर्देश



**-संवाददाता-**
**कोरबा,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया के दौरान अधिकारी / कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी महोदय के निर्देशन में जिले के फारेस्ट गार्ड, नगर सैनिक, कोटवार, सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिनांक 30.03.2024 को रक्षित केन्द्र एवं थाना कटघोरा में रखा गया।

ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 को लागू होने पश्चात निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो इसके हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी सभी को होनी चाहिए। ट्रेनर के द्वारा आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन के समय क्या करे ? क्या न करे ? संबंधी विषय पर ट्रेनिंग दी गई।इसमें कुल 167 जिसमें फॉरेस्ट गार्ड 100, सीएसईबी गार्ड 17, नगर सैनिक 18, एनटीपीसी गार्ड 06, लैंको गार्ड 18, कोटवार 08 कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि आज दिनांक तक पुलिस द्वारा कुल 1047 अधिकारी/ कर्मचारी को निर्वाचन संबंधी ट्रेनिंग दी गई है।



## कांग्रेस सरकार पूरी करेगी 5 गारंटी,युवाओं का भविष्य उज्जवल होगा : सुरेन्द्र

**-संवाददाता-**
**कोरबा,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में बैठकों का दौर संगठन पदाधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कटघोरा ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण की बैठक छुरीकला में ली। पूर्व जनपद सदस्य शोभना देवांगन के निवास में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष हीरालाल यादव विशेष तौर पर उपस्थित रहे।


बैठक में सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत को विजयी बनाने के लिए कमर कसकर तैयार रहने और लोगों के बीच कांग्रेस शासनकाल की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिये प्रेरित किया। श्री जायसवाल ने कहा कि हम सबको संगठित होकर पार्टी के लिए काम करना है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाकर कांग्रेस की पांच प्रमुख घोषणाओं के बारे में जानकारी देने के लिए कहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही इन पर अमल शुरू हो जाएगा।

श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में महिलाओं, किसानों, युवाओं से लेकर हर वर्ग की बेहतरी के रास्ते खोले जाएंगे। कांग्रेस की सरकार गरीब परिवार की महिला को हर महीने 8333 रुपए सालाना 1 लाख रुपए देने की गारंटी देती है जो पूरा किया जाएगा। किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा देने विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ करने और आवश्यक ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफ़ी आयोग की स्थापना की जाएगी।

किसानों के फ़सलों के नुक़सान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को फिर् से डिज़ाइन किया जाएगा। कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी और उसे लागू करेगी, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और चिंताएं सर्वोपरि होंगी। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर टैक्स से छूट के लिए जीएसटी व्यवस्था में संशोधन किया जाएगा। हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपए प्रतिवर्ष स्टाइपन के अतिरिक्त अप्रेंटिस की गारंटी की योजना से युवा लाभान्वित होंगे। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बनाकर परीक्षा के विश्वसनीय आयोजन की गारंटी कांग्रेस देगी। काम की बेहतर परिस्थितियां, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के साथ-साथ राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर स्टार्टअप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी कांग्रेस सरकार देगी जिसे युवा रौशनी का नाम दिया गया है।

## इंडियन पब्लिक स्कूल पाली का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

**-संवाददाता-**
**कोरबा,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**



इंडियन पब्लिक स्कूल पाली, जटगा एवं बांधाखार ब्रांच में शनिवार को शैक्षिक सत्र 2023 -24 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक बहुत उत्साहित रहे। इंडियन पब्लिक स्कूल पाली ब्रांच में प्राचार्य शिवानी मिश्रा एवं उप-प्राचार्य विनोद शर्मा ने अभिभावकों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम की घोषणा किया। वहीं जटगा व बांधाखार ब्रांच में स्कूल के प्रधान पाठको ने परिणाम जारी किए।वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चे काफी खुश हुए, क्योंकि वह अगली कक्षा में बढ़ गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राकेश मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। परीक्षा परिणाम पर डायरेक्टर श्री मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के शिक्षकों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान आने वाले नए सत्र में विद्यालय में मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। डायरेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी का सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहेगा तो संस्थान और अधिक ऊंचाई को छूते हुए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आईपीएस पाली में जारी परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में कक्षा नर्सरी में पहला रैंक आयांश, दूसरा देशिका तथा तीसरा नितेश का रहा। एलकेजी में पहले आकाश, आदित्य, निधि व रियांश, दूसरे श्रेया कुसरो तथा तीसरे रैंक पर हिमांशु पटेल रहे। यूकेजी में पहली ज्योति, कृष्णा, दूसरा आन्या डिक्सेना, निधि मानिकपुरी तथा तीसरा अनुराग डिक्सेना, निकिता जगत को मिला। क्लास वन में पहले स्थान पर सुयांश, दूसरे विद्यांक तथा तीसरी अदिति रही। टू में पहले भूमिका, दूसरे श्वेता व तीसरी दीपिका रही। थ्री में पहली अनन्या, दूसरी काया व तीसरा हार्दिक रहा। फोर में पहला प्रवीण, दूसरा सोहिल व तीसरा देवेंद्र रहे। फाइव में पहला लोकेश, दूसरी रितिका व तीसरी में साक्षी केशव रही। सिक्स में पहली साक्षी, दूसरे हिमेश व तीसरे एहसान रहे। सेवन में पहली याचना, दूसरे अनुराग व तीसरे में वंश रहा । एट में पहले अमूल, दूसरे नमन व तीसरा जतिन रहा। नाइन में पहला एकलव्य, दूसरा शिवम तथा हर्ष तीसरे स्थान पर रहे।




## उचित मुल्य के दुकानदारों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**-संवाददाता-**
**मनेन्द्रगढ़,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीडी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार खाद्य विभाग के अधिकारी संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के अन्तर्गत संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के शासकीय उचित मूल्य के दुकान के संचालकों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु पैदल रैली निकाली गई। जिसमे एसडीएम लिंगराज सिदार ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलायी तथा भगत सिंह चैक से महात्मा गांधी चैक हजारी होटल तक रैली में शामिल हुए। इस रैली में सहायक खाद्य अधिकारी जतीन देवांगन, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी, मनेंद्रगढ़ शहरी क्षेत्र के सभी दुकान संचालक, झगराखांड, खोंगापानी एवं नई लेदरी के सभी दुकान संचालक सहित खाद्य विभाग के कर्मचारी जागरूकता रैली संचालन में शामिल रहे।



## भाजपा युवा मोर्चा मंडल का बैठक संपन्न

**-संवाददाता-**
**खड़गवां,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

विकासखंड खडगवां भाजपा युवा मोर्चा मंडल का बैठक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राम प्रताप जी के नेतृत्व में रखा गया जिसमें भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुशील सिंह दुर्ग भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सौरभ जायसवाल जिला मंत्री अरुणोदय पांडे जनपद अध्यक्ष सोनवती उर्रे एवं भाजयुमो मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बूथों के सभी अध्यक्ष उपस्थित हुए एवं प्रधानमंत्री जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय जी को जिताने का कार्य कर्ताओ के द्वारा संकल्प लिया गया एवं युवा को प्रत्येक बूथ में चौपाल लगाने के लिए प्रेरित किया गया एवं प्रत्येक बूथ पर प्रभारी नियुक्त किया गये है।

इस युवा मोर्चा मंडल की बैठक में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए सभी कार्यकर्ताओं का मंडल अध्यक्ष राम प्रताप ने आभार व्यक्त किया।

## चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट,चला रही सघन वाहन चेकिंग अभियान

### 3148 वाहन चालकों के विरूद्ध हुई एमव्ही एक्ट की कार्यवाही, 105200 रूपये वसूल की गई समन शुल्क






**-संवाददाता-**
**सूरजपुर,31 मार्च 2024**
**(घटती-घटना)।**

आगामी लोकसभा चुनाव, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है और वाहनों की सघन चेकिंग अभियान निरन्तर जारी है। जिले के थाना चौकी व यातायात पुलिस ने एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पूरे जिले के नाकाबंदी प्वाईट व शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रहे है। इस दौरान पुलिस ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी। पुलिस ने सड़को पर दर्जनों वाहनों की चेकिंग की और जांच में वाहनों से कुछ आपतिजनक सामान नहीं पाए जाने पर मौके से उन्हें जाने दिया गया। विगत 1 से 30 मार्च 2024 तक जिले के थाना-चौकी की पुलिस संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 3148 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 10 लाख 5 हजार 2 सौ रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश भी दिया जा रहा है। चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के ऊपर नकेल कसने को लेकर सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान जिले में चलाया जा रहा है जो निरन्तर जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन का खिताब



**मियामी, 31 मार्च 2024।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता। इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की।

### पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बने बाबर आजम



**लाहौर, 31 मार्च 2024।** बाबर आज़म एक बार फिर पाकिस्तान के कप्तान बन गए हैं। बाबर सीमित ओवरों में पाकिस्तान की कमान संभालेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर को कप्तानी सौंपे जाने की घोषणा कर दी है। कुछ ही दिन पहले ईएसपीएन क्रिकइंफो ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि जल्द ही दोबारा बाबर की कप्तान के पद पर ताजपोशी हो सकती है। कप्तान के पद पर बाबर की नियुक्ति का मतलब है कि शाहीन शाह आफरीदी अब पाकिस्तान के टी20 कप्तान नहीं हैं। वह एक ही सीरीज़ में पाकिस्तान का नेतृत्व कर पाए।

पीसीबी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, चयन समिति की सिफ़ारिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने बाबर आज़म को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।

# मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की भिड़ंत आज

## मुंबई इंडियंस राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घर वापसी की तलाश में

**मुंबई, 31 मार्च 2024।** नए कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में आईपीएल की धीमी शुरुआत करने वाली मुंबई इंडियंस (एमआई) सोमवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसे सुखद घर वापसी की उम्मीद होगी।पांच बार के खिताब विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह पंड्या के साथ शीर्ष पर बदलाव के बावजूद - एक ऐसा कदम जिसने पूर्व पर क्रूर हमले को जन्म दिया है - एमआई ने एक बार फिर अपने आईपीएल अभियान की परिचित निराशाजनक शुरुआत की है क्योंकि वे अपने पहले दो मैच हार गए हैं। .पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस से छह रन की हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की हार हुई, जिसने हैदराबाद में 32 रन से रिकॉर्ड रन-फेस्ट जीता, जिससे एमआई 10-टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर पहुंच गया।टी20 लीग के 17वें संस्करण में अभी शुरुआती दिन हैं लेकिन पंड्या की एमआई को अपनी हार का सिलसिला खत्म करना होगा और अपने नेट रन रेट में सुधार करना होगा जो -0.925 पर सभी टीमों में सबसे खराब है।

उनके खिलाफ खड़ी बाधाओं में सूर्यकुमार यादव की अनुपस्थिति भी शामिल है, जो अभी भी किनारे पर हैं क्योंकि वह दो अलग-अलग चोटों से उबर रहे हैं जिसने उन्हें इस आईपीएल में एमआई कैंप से दूर रखा है।भले ही एमआई ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अपनी पिछली पांच मुकाबलों में 4-1 का रिकॉर्ड बनाया हो, लेकिन घरेलू टीम के लिए कड़ी चुनौती होगी, क्योंकि संजू सैमसन की टीम ने अपने आईपीएल सीजन की शुरुआत दो के साथ करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जीतता है.एक बड़ा स्कोर रोहित के कारण है जिन्होंने मुंबई को मजबूत शुरुआत प्रदान की है लेकिन उन्हें




वास्तव में अपने फैसले सही करने के लिए पंड्या की जरूरत है। पंड्या ने जाहिर तौर पर जसप्रित बुमरा का सर्वोत्तम तरीके से उपयोग नहीं किया है और एमआई के पास ऐसी खामियों को दूर करने का मौका होगा।बुमराह और पीयूष चावला एमआई के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव का तत्व लाते हैं, जिसने स्थानीय लड़के शम्स मुलानी पर भरोसा दिखाया है, जो आईपीएल चरण में अपेक्षाकृत नए हैं, लेकिन जब वानखेड़े स्टेडियम में खेलने की बात आती है तो वे काफी अनुभवी हैं।युवा क्वेना मफाका को उस नरसंहार का खामियाजा भुगतना पड़ा जो एसआरएच ने अपने आखिरी गेम में एमआई को दिया था, लेकिन 17 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी केवल ऐसे प्रतिस्पर्धी में गेंदबाजों के रास्ते में आने वाले कठिन तरीकों के अनुभव से सीखेंगे।

अपनी ओर से, राजस्थान रॉयल्स शुरुआत में दो जीत के बाद सभी बॉक्सों पर टिक लगाना चाहेगी।सैमसन आईपीएल के शुरुआती चरण में खतरनाक बने हुए हैं जबकि बेहद प्रतिभाशाली यशस्वी जयसवाल इस सीज़न का अपना पहला बड़ा स्कोर बनाने के लिए उत्सुक होंगे।जयसवाल अपने घरेलू मैदान पर लौट रहे हैं, जहां उन्होंने यहां अपनी पिछली बैठक में हार के बावजूद 62 गेंदों में 124 रनों की तूफानी पारी खेली थी, और वह अपनी क्लास पर मुहर लगाने के लिए उत्सुक होंगे।रियान पराग एक परिपक्व मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में अपनी बढ़त जारी रखने के लिए तैयार हैं, जबकि मुंबई के लिए, तिलक वर्मा, टिम डेविड और नमन धीर अपनी सकारात्मक शुरुआत का अधिकतम लाभ उठाने का लक्ष्य रखेंगे।एक लंबी बल्लेबाजी लाइन-अप के अलावा, जिसमें शीर्ष पर खतरनाक जोस बटलर और फिनिशिंग टच देने के लिए ध्रुव जुरेल भी हैं, यह उनका हरफनमौला गेंदबाजी आक्रमण है जो काफी उम्मीदें जगाता है।

हां नंद्रे बर्गर ने शुरुआती बढ़त के लिए ट्रेंट बोल्ट के साथ अच्छी तरह से मिलकर काम किया है, वहीं रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी बीच में रनों के प्रवाह को नियंत्रित कर सकती है।संदीप शर्मा के साथ डेथ पर आवेश खान का नियंत्रण रॉयल्स की ताकत है और राजस्थान के अब तक के अच्छे प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण कारकों में से एक रहा है।

# संजय सेन ने विदेशी कोचों पर साधा निशाना



**नई दिल्ली, 31 मार्च 2024।** इस हफ्ते की शुरुआत में गुवाहाटी में 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ ब्लू टाइगर्स की चौंकाने वाली हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक को हटाने की मांग बढ़ रही है, एक पूर्व शीर्ष कोच ने क्रोएशियाई विश्व कप खिलाड़ी को बर्खास्त करने की आवाज उठाई है।एशियाई खेलों और एएफसी एशिया कप में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद स्टिमैक की आलोचना हो रही है, इसके बाद आभा, सऊदी अरब में 158वीं रैंकिंग वाले अफगानिस्तान के खिलाफ गोल रहित ड्रा और 26 मार्च को रिटर्न लेग में गुवाहाटी में 1-2 से हार मिली।2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के पूर्व तकनीकी निदेशक संजय सेन (63), जो बाद में टीम के सहायक कोच बने, ने स्टिमैक के खिलाफ पूरी तरह से हमला बोलते हुए कहा, भारतीय फुटबॉल उनकी मदद से एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया है।सेन ने कहा, मोहन बागान को 13 साल बाद 2014-15 आई-लीग खिताब दिलाने वाले सेन ने हाल के मैचों में राष्ट्रीय टीम की हार के लिए क्रोएशियाई कोच को जिम्मेदार ठहराया।सेन ने कहा, अगर स्टिमैक की जगह कोई भारतीय कोच होता, तो वह बहुत पहले ही अपनी नौकरी खो देता। यह सब हमारे द्वारा विदेशी कोचों को खुश करने के कारण है। यह सोचकर कि भारत को एक विदेशी कोच से क्या हासिल हुआ, सेन ने कहा, मुझे नहीं पता कि हमें मिला या नहीं। क्या फुटबॉल का स्तर सुधर गया है? मुझे नहीं पता। मेरी मामूली समझ में, मुझे लगता है कि भारतीय फुटबॉल इन तथाकथित विदेशी कोचों की मदद से एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पायी है, चाहे वह स्टीफन कॉन्सटेंटाइन हों, या इगोर स्टिमैक।

मुझे यह भी लगता है कि बॉब हॉटन के बाद कोई भी सक्षम विदेशी कोच भारत नहीं आया है। यदि हम अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को देखें, तो अधिकांश टीमों के पास अपना राष्ट्रीय कोच होता है। जर्मन दिग्गज जुर्गन क्लिंसमैन जैसे कद के कोच के साथ एशिया कप के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जॉर्डन से हार गया। जो लोग हमारे फुटबॉल का संचालन कर रहे हैं और दुनिया भर में यात्रा कर रहे हैं, वे भी इसे देख रहे हैं।

# प्रशांत सिन्हा की सड़ी-गली लाश बरामद

## प्रेमिका ने दोस्त के साथ मिलकर की थी हत्या

**हजारीबाग, 31 मार्च 2024।** जमशेदपुर निवासी इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी 38 वर्षीय प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या हजारीबाग में उनकी गर्लफ्रेंड काजल सिन्हा ने अपने नए प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर कर दी। इसके बाद उनकी लाश बोरी में बंद कर शहर से तीन किमी दूर छड़वा डैम में एक पुल के नीचे फेंक दी। शनिवार शाम पुलिस ने काजल की निशानदेही पर प्रशांत की सड़ी-गली लाश बरामद की। काजल और उसके प्रेमी रौनक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



प्रशांत कुमार सिन्हा ने इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2023 में उन्होंने थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भी देश की ओर से भाग लिया था। वह सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित थे, लेकिन उनकी पहचान बैडमिंटन के एक शानदार खिलाड़ी के रूप में थी।

प्रशांत 11 मार्च से जमशेदपुर के बिरसानगर स्थित अपने घर से लापता थे। उनके परिजनों ने 13 मार्च को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में लिखाई थी। बाद में उन्होंने 22 मार्च को प्रशांत के अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई और हजारीबाग की काजल सिन्हा पर संदेह जताया।

जमशेदपुर और हजारीबाग की पुलिस ने शनिवार शाम काजल सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हुआ। काजल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसकी दोस्ती प्रशांत से हुई थी। प्रशांत दिव्यांग थे, लेकिन उनके पास अच्छा-खासा पैसा था। काजल के मुताबिक पैसा देखकर उसने प्रशांत से दोस्ती बढ़ाई, लेकिन वह उससे प्यार करने लगे और उससे शादी करना चाहते थे। काजल उनसे अलग होना चाहती थी और पिछले कुछ समय से वह हजारीबाग के पेगौडा चौक निवासी रौनक से प्रेम करने लगी थी।

उधर, प्रशांत के पास उनकी कई अंतरंग तस्वीरें थीं। रिश्ता आगे नहीं बढ़ाने पर वह इन्हें वायरल करने की धमकी दे रहे थे। इसी वजह से उसने बहाने से प्रशांत को हजारीबाग बुलाया और अपने नए प्रेमी रौनक के साथ मिल गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

# कोलिन्स ने मियामी ओपन का खिताब जीता



**फ्लोरिडा, 31 मार्च 2024।** गैरवरीय अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने डब्ल्यूटीए 1000 मियामी ओपन जीतने के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7-5, 6-3 से अपदस्थ कर अपने करियर का सर्वोच्च स्तर का खिताब हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों द्वारा पावर हिटिंग के 2 घंटे और 2 मिनट के जबरदस्त प्रदर्शन में, 30 वर्षीय कोलिन्स ने अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब, अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब और 2021 से किसी स्तर पर अपना पहला खिताब अपने नाम किया।

उसने अपने पिछले 21 मैचों में से 17 में जीत हासिल की और शनिवार रात की जीत के साथ, अमेरिकी अगले सप्ताह तक विश्व में 22वें नंबर पर पहुंच जाएगी। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी ओपन खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला बनीं। वह मार्टिना नवरातिलोवा, क्रिस एवर्ट, तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स, आठ बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स और स्टीफ़ंस के बाद ताज जीतने वाली कुल मिलाकर छठी अमेरिकी महिला बन गई हैं। उन्होंने ऑफ-कोर्ट स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस सीजन के अंत में संन्यास लेने का अपना निर्णय बरकरार रखा है। उन्होंने पेशेवर टेनिस से अपनी विदाई की कोई तारीख तय नहीं की है और कम से कम यूएस ओपन तक खेलने की योजना बना रही हैं।

# दीपक शर्मा को मारपीट मामले में मिली जमानत

**पणजी, 31 मार्च 2024।** गोवा की एक स्थानीय अदालत ने दो महिला खिलाड़ियों पर शारीरिक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत दे दी। पुलिस इंस्पेक्टर निखिल पालेकर ने आईएएनएस को बताया कि शर्मा को अदालत में पेश किया गया और उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) अक्षत कौशल ने शनिवार को कहा था कि खाद फुटबॉल क्लब की खिलाड़ी फुटबॉल लीग में भाग लेने के लिए गोवा आयी थी और दोनों लड़कियों ने शर्मा के खिलाफ शिकायत की थी।

उन्होंने कहा, उन्होंने एक शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि आरोपी व्यक्ति ने उन पर शारीरिक हमला किया और दुर्व्यवहार किया। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, एक प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि, टीम की अन्य महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का समूह शनिवार रात मापुसा पुलिस स्टेशन में इकट्ठा हुआ और कहा कि शर्मा के खिलाफ आरोप निराधार हैं। शर्मा के समर्थन में सामने आईं महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने कहा, शिकायतकर्ताओं में से एक रात करीब 11 बजे कुछ चीजें खरीदने के लिए होटल के कमरे से बाहर गई थी और जब वह वापस लौटी, तो शर्मा ने उससे सवाल किया कि वह एक अनजान शहर में देर रात बाहर क्यों गई थी। उस पर शिकायतकर्ता ने मुद्दा बना दिया। शर्मा के समर्थन में पुलिस स्टेशन में एकत्र हुई लड़कियों ने संवाददाताओं से कहा, हम पिछले दस वर्षों से सर (दीपक शर्मा) से जुड़े हुए हैं, लेकिन उन्हें कभी दुर्व्यवहार करते नहीं देखा।

# बचपन से ही रफ्तार मुझे रोमांचित करती है : मयंक यादव



**लखनऊ, 31 मार्च 2024।** पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ डेब्यू आईपीएल मैच में तीन विकेट लेने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव जब प्रेस कॉन्फ़्रेंस के लिए आए तो उनसे अनौपचारिक रूप से पूछा गया कि क्या वह अंग्रेज़ी में भी जवाब देने में सक्षम हैं? मयंक ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया- %हां,क्यों नहीं ?% मयंक का यही आत्मविश्वास पूरे मैच के दौरान और मैच के बाद भी झलक रहा था। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह पहले मैच को लेकर नर्वस थे? तो उनका सपाट सा जवाब था, ÷मुझसे कई लोगों ने बोला कि डेब्यू मैच में नर्वसनेस और प्रेशर रहता है, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा। जब मुझे कप्तान ने गेंद दी तो मुझे लगा कि मैं इस जगह को डिज़र्व करता हूं।÷

मयंक ने इस मैच में लगातार 145 किमी/घंटे के ऊपर की गति से गेंदबाज़ी की और विपक्षी बल्लेबाज़ों को अपनी रफ़्तार से छकाए रखा। उनकी पटकी हुई आग उगलती तेज़ हार्ड लेंथ की गेंदों का जॉनी बेयरस्टो, शिखर धवन और जितेश शर्मा जैसे अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज़ों के पास भी कोई जवाब नहीं था। मैच के बाद पंजाब के कप्तान धवन ने स्वीकार भी किया कि मयंक की गति ने उनकी टीम को चकमा दिया और वे अच्छी शुरुआत के बाद भी इस मैच को हार गए। धवन ने कहा, ÷मुझे इस बात पर आश्चर्य हुआ कि वह इतनी तेज गेंदबाज़ी कर रहे हैं। मैं उनकी तेज़ बाउंसर गेंदों के लिए तैयार था, लेकिन उन्होंने मुझे दो यॉर्कर भी फेंके। इससे पता चलता है कि उनके पास सिर्फ़ गति ही नहीं बल्कि वह एक चालाक गेंदबाज़ हैं। स मैच में मयंक की औसत गति 148 किमी/घंटे की रही, जबकि उन्होंने एक बार 155.8 किमी/घंटे की रफ़्तार को भी पार किया जो इस सत्र की सबसे तेज गेंद थी। इससे पहले उन्होंने 2023-24 के सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के दौरान पंजाब के ख़िलाफ़ 155.1 किमी/घंटे की रफ़्तार को भी छुआ था। मयंक कहते हैं, ÷यह पहली बार था, जब मैं 156 की गति के क़रीब पहुंचा। इससे पहले मैंने 155 की रफ़्तार को छुआ था।÷ मयंक बताते हैं कि बचपन से ही उन्हें रफ़्तार से प्यार है और यह लगाव उनके क्रिकेट जीवन से इतर भी है। क्रिकेट के अलावा आम जीवन में भी रफ़्तार मुझे बहुत प्रभावित और रोमांचित करती है। बचपन से ही जेट्स मुझे बहुत पसंद थे और जब भी आसमान में मैं रॉकेट या प्लेन को उड़ता देखता था तो काफी रोमांचित होता था।÷ इसके अलावा मयंक को सुपर बाइक्स भी बहुत पसंद हैं। मयंक दिल्ली की तरफ़ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और उनके लिए एक रणजी, 17 लिस्ट ए और 10 टी20 मैच खेल चुके हैं। 2021-22 के डेब्यू घरेलू सीज़न में उत्तर प्रदेश के ख़िलाफ़ एक विजय हज़ारे ट्रॉफी मैच के दौरान विजय दहिया उनसे ख़ासा प्रभावित हुए, जो उस समय उत्तर प्रदेश और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों टीमों के कोचिंग स्टाफ़ का हिस्सा थे।

# साइलेंस 2 जल्द ही होगी रिलीज

### फर्स्ट लुक पोस्टर में दिखा एक्टर का दमदार अंदाज

मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित सीरीज साइलेंस 2 जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होने वाली है। सीरीज के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें मनोज बाजपेयी एक बार फिर से एसीपी अविनाश के दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक बार, एक गोलीबारी और कई हत्याओं का जिक्र किया गया है, जो यह दर्शाता है कि सीरीज में सस्पेंस और थ्रिल का जबरदस्त तड़का होगा। पोस्टर में मनोज बाजपेयी का लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है.जी5 ने फर्स्ट लुक पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा है, 1 बार, एक गोलीबारी और कई हत्याएं। एसीपी अविनाश और उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को नाइट आउल बार शूटआउट मामले को सुलझाते हुए देखने के लिए तैयार हो जाइए। साइलेंस 2 जल्द ही आ रही है, सिर्फ जी5 पर. गौरतलब है कि साइलेंस के पहले सीजन को दर्शकों और समीक्षकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। सीरीज में मनोज बाजपेयी एक ऐसे पुलिस वाले की भूमिका निभाते हैं, जो एक महिला की रहस्यमयी हत्या की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश करता है।साइलेंस 2 में प्राची देसाई भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। सीरीज की रिलीज डेट का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी।





# प्रियंका चहर चौधरी ने बॉडीकॉन ड्रेस पहनकर दी सेक्सी पोज

### एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने मोहा फैंस का दिल

अपनी खूबसूरती और हॉटनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चहर चौधरी सोशल मीडिया पर बेहद मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कने लगेगा। प्रियंका चहर चौधरी ने गोल्डन कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और कैमरे के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया। अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चौधरी एक बार फिर अपने फोटोशूट को लेकर चर्चा का विषय बन गई हैं।एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि उनका हर एक लुक इंस्टा पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट करते हैं।एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस के दिल मोह लिया है और वे उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



# तृप्ति डिमरी का भूल भुलैया 3 से फर्स्ट लुक किया रिवील




### बिंदी पहने दिखीं फिल्म की चुड़ैल

बॉलीवुड के चॉकलेटी एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हर हफ्ते इस फिल्म को लेकर नए- नए अपडेट्स सामने आते रहते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है. कार्तिक आर्यन ने फैंस को गुड न्यूज दी है. एक्टर ने बताया कि फिल्म के फर्स्ट शैड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भूल भुलैया 3 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन और एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति क्लैप बोर्ड के पिछे खड़े नजर आ रहे हैं। तस्वीर में दोनों ही एक्टर्स की आधी- आधी शक्ल दिखाई दे रही हैं। बात करें इस तस्वीर में लीड एक्टर्स के लुक की तो कार्तिक अपने रूह बाबा वाले लुक में नजर आ रहे है। सिर पर कपड़ा बाधें, हाथों में माला और अंगूठी के साथ उन्होंने क्लैप बोर्ड को पकड़ा हुआ है। वहीं तृप्ति आखों मे काजल और माथे पर बिंदी लगाई हुए ग्लोविंग लुक में नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा है- टिंग टिंग टिंग टिडिंग टिंग टिंग.. हमने भूल भुलैया का फर्स्ट शैड्यूल को रैप अप कर दिया है. शेड्यूल के बीच का ये छोटा सा ब्रेक मुझे काफी एक्साइटेड कर रहा है। इसी के साथ एक्टर ने लिखा कि रूह बाबा कि टोपी में इस बार एक अलग जादू है। बता दें इस फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी कर रहे हैं। इस फिल्म को टी सीरीज प्रोड्यूस कर रही है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी के साथ साथ माधुरी दीक्षित और भूल भुलैया की ओरिजिनल भूतनी विद्या बालन भी लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म के लिए अपनी फीस डबल कर दी है। इस फिल्म के लिए वो 80 लाख रुपए फीस ले रही हैं। संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल के लिए तृप्ति को 40 लाख रुपये फीस दी गई थी।

# जिंदगी की आस छोड़ चुकी दुष्कर्म पीड़िता की बची जान

## मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से अब तक इलाज में 22 लाख रू खर्च कर चुकी है सरकार

» दुष्कर्म पीड़िता की जान की जान बचाने के लिए सरकार ने लगा दिए लाखों रूपए

» हाल जानने खुद अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर,31 मार्च 2024(ए)।** दो युवकों की दरिंदगी का शिकार और इस दौरान हुई झूमा-झटकी में हाई वोल्टेज करंट से बुरी तरह झुलस गई युवती ने अपने बचने की उम्मीद छोड़ दी थी। उसके परिजन भी निराश हो चले थे। यही वजह थी कि परिजन उसे अस्पताल से घर वापस ले आये। इस बीच चंद लोगों ने युवती के इलाज में मदद की और उसकी बात सरकार तक पहुंचाई। आज इस युवती के इलाज का पूरा खर्च मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार उठा रही है। इस युवती का हाल जानने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल खुद अस्पताल पहुंचे और युवती तथा उसके परिजनों से मुलाकात की।

स्वास्थ्यमंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की संवेदनशील पहल के चलते 19 वर्षीय इस युवती की जान बच सकी। उसके इलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 22 लाख रू. राशि स्वीकृत कराई जा चुकी है। इस पीड़िता को देखने आज सुबह स्वास्थ्यमंत्री जायसवाल स्वयं पचपेढ़ी नाका चैक स्थित निजी अस्पताल पहुंचे व पीड़िता का हाल जाना।

स्वास्थ्यमंत्री जायसवाल ने दुष्कर्म पीड़ित युवती के परिजन से मुलाकात कर हाल चाल पूछा। साथ ही युवती से मिलने आईसीयू तक गये। वहां उन्होने युवती से बातचीत कर उसे ढ़ांढस बंधाया। साथ ही उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

### 'अभी कुछ और ऑपरेशन होंगे'

डॉक्टरों ने बताया कि युवती की हालत में बहुत सुधार आ चुका है। उसका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम हो गया है और वह अब बातचीत भी करने लगी है। डॉक्टर के अनुसार अभी युवती को लगभग एक माह और भर्ती रहना पडेगा। इस दौरान उसके कुछ और ऑपरेशन होंगे।

### 'इलाज में पूरी मदद करेगी सरकार'

स्वास्थ्य मंत्री ने युवती के परिजनों से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार ने अब तक युवती के इलाज का पूरा



खर्च उठाया है। आगे जो भी खर्च होगा उसका पूरा भुगतान सरकार ही करेगी। इस पर परिजनों ने ख़ुशी का इजहार किया और स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की मदद के बिना बेटी का इलाज करा पाना संभव ही नहीं था।

दिल दहला देने वाली घटना, जिसे सुनकर रूह भी कांप उठे..

20 अक्टूबर 2023 को एक दिल दहला देने वाली घटना पोड़ी बचरा के ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में हुई। युवती के प्रेमी ने ही उसके साथ धोखा किया और जंगल में ले जाकर युवती के साथ रेप किया। सिर्फ प्रेमी ही नहीं, उसके दोस्त ने भी युवती के साथ रेप किया। इस दौरान हुई झूमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इसी हालत में छोड़कर दोनो युवक फरार हो गये। कुछ समय बाद जंगल में कुछ लोगों ने युवती को अचेत अवस्था में देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी गई, साथ ही युवती को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस बीच पुलिस ने रेप का मामला दर्ज कर आरोपी निलेश कुमार (कथित प्रेमी) एवं उसके साथी बेचन साय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बीच जिला अस्पताल से 20 दिनों तक इलाज के बाद परिजनों ने खुद ही उसकी छुट्टी करा ली और उसे घर ले गये, जबकि वह पूरी तरह ठीक नहीं हुई थी। घर में युवती की सही देखभाल न हो पाने के कारण वह सेप्टीसिमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गयी। युवती की हालत दिन ब दिन बिगड़ती चली गई। गंभीर हालत में घर में पड़ी युवती को इलाज के लिये रायपुर के किसी अच्छे अस्पताल में पहुंचाने के लिये आई.ओ.सी.एल. के एक स्थानीय अधिकारी ने पहल की। फिर स्थानीय जिला प्रशासन की सक्रियता के बाद गंभीर हालत में युवती को रायपुर लाया गया। इस दौरान युवती ऑक्सीजन पर थी और उसका हीमोग्लोबिन 2 ग्राम पहुंच चुका था, उसके पूरे शरीर में संक्रमण फैल चुका था। उसके बचने की आस समाप्त हो गई थी। 22 फरवरी 2024 को कई घंटों के अथक प्रयासों के बाद भी युवती किसी भी शासकीय अस्पताल में भर्ती नही हो पाई। इसके बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुये पचपेढ़ी नाका के आगे एक निजी बर्न युनिट में भर्ती करा दिया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने की इलाज पहल

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस मामले की जानकारी होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किश्त में लगभग 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये स्वीकृत कराई। अब युवती की हालत में काफी सुधार आया है।बता दें जब रेप की यह घटना घटी तब प्रदेश में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। कुछ माह बाद युवती के मरणासन्न हालत में होने और उसके इलाज को लेकर कुछ लोग आगे आये और सोशल मीडिया में यह मामला सुर्खियां बना, तब तक इलाके के विधायक निर्वाचित श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री बन चुके थे। जब यह बात उनके संज्ञान में आयी तब उन्होंने खुद पहल करते हुए रायपुर के बर्न हॉस्पिटल में भर्ती युवती के इलाज का खर्च सरकार की ओर से उठाने की पहल की। बहरहाल पीड़ित युवती अब स्वस्थ हो रही है और उसके साथ ज्यादती करने वाले दोनों युवक जेल की हवा खा रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए यह मामला अदालत में जाने के बाद तथाकथित आरोपियों को कठोर से कठोर सजा भी मिलेगी।

# आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक की हम हर संभव मदद करेंगे

**रायपुर,31 मार्च 2024(ए)।** रविवार को गृहमंत्री विजय शर्मा रायपुर के एक अस्पताल में पहुंचे। यहां आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक और उसके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घायल युवक गुड्डू के परिजनों से कहा- गुड्डू मेरा भाई है। हम हर संभव मदद करेंगे। मुलाकात के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि युवक का दाहिना पैर काटना पड़ेगा। इन्फेक्शन बहुत हो चुका है, 11 तारीख को घटना हुई थी।

गृहमंत्री ने बस्तर का दर्द बयान करे हुए कहा- बस्तर के गांव में अगर बिजली पहुंच जाए, बस्तर के गांव में अगर अस्पताल खुल जाए, स्कूल खुल जाए तो किसी को क्या दिक्कत है। यहां आईईडी के जितने भी विषय



हुए हैं यह भी बस्तर के उन्नति के मार्ग में रोक लगाते हैं। बस्तर के गांव में स्कूल अस्पताल बिजली पानी पहुंचे ये नक्सली नहीं चाहते।

गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की माओवाद के विरुद्ध नीतियों के प्रभाव से नक्सली बौखला गए हैं, इसलिए वह कायराना हरकत में उतर आए हैं। गुड्डू और उसके परिवार का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि 17 दिनों तक कठिन परिस्थितियों में भी गुड्डू ने हिम्मत नहीं हारी, अब वह हमारी जिम्मेदारी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में जल्द स्वस्थ होगा। गुड्डू का हौसला बताता है कि बस्तर का खून अभी पानी नही हुआ है।बीजापुर के ग्राम कचिलवार थाना नैमेड निवासी गुड्डू लेकाम निजी काम से चेरला तेलंगाना गया हुआ था। 11 मार्च को वह जंगल के रास्ते पैदल घर लौट रहा था इसी बीच इतावर गांव के पास पहुंचते ही शाम 7ः30 बजे के आसपास वह नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईडी बम की चपेट में आ गया।

# भूपेश बघेल ने कहा डिप्टी सीएम न प्रदेश को संभाल पा रहे हैं न अपने जिले को

**कवर्धा,31 मार्च 2024(ए)।** भूपेश बघेल आज राजनांदगांव लोकसभा अंतर्गत कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा और संतोष पाण्डेय के बयान का जवाब दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नक्सलियों वाले बयान पर पलटवार किया है। डिप्टी सीएम गृहमंत्री भी है, वह ना प्रदेश को संभाल पा रहे और ना ही अपने जिले को। कवर्धा में 13 हत्याएं हो गई। कहां है डिप्टी सीएम? उन्होंने कहा कि लगता है डिप्टी सीएम विजय शर्मा की अभी से स्मृति क्षीण होने लगी है, जबकि अभी तो वो नौजवान हैं। यदि



नक्सलियों की बात करें तो विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, उदय मुदलियार जैसे दर्जनों हमारे नेता नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे। हमारी प्रथम पंक्ति का सफाया हो गया था। हमारी सरकार थी तो तीन भाजपा कार्यकर्ताओं को नक्सलियों ने मारा तो ये बोलते थे कि टारगेट किलिंग हो रहा है। पांच साल में तीन और तीन महीने में भाजपा कार्यकर्ता को नक्सलियों ने मार दिया।

आप गृहमंत्री हैं आपसे संभल नहीं रहा है। इसी कवर्धा में 13 हत्याएं हो गई, 23 बलात्कार हो गए। दर्जनों और प्रकरण हो गए। आपसे कवर्धा नहीं संभल रहा है, न प्रदेश की कानून-व्यवस्था संभल रही है. राजधानी में रोज चाकूबाजी हो रही है। रोज हत्याएं हो रही हैं, रोज शिकायतें आ रही है। आपसे संभल नहीं रहा है, आप तो विष्णुभोग लगाने में लगे हैं।

# हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई पर लगाई रोक

**बिलासपुर,31 मार्च 2024(ए)।** अवैध दुकान ढहाने की नगर निगम की कार्रवाई पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अर्जेंट हियरिंग कर रोक लगा दी। साथ ही याचिकाकर्ता को खुद ही स्वीकृत नक्शे के अनुसार बदलाव करने के लिए समय दे दिया।



नूतन चौक सरकंडा में नगर निगम की लीज पर आवंटित जमीन में याचिकाकर्ता हरीश राठौर ने शॉपिंग कम्पलेक्स बनाया है। स्वीकृत नक्शे के अनुसार उसने इसमें पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी, बल्कि वहां पर भी दुकानें खड़ी कर दी। 15 मार्च को नगर निगम ने उसे अवैध निर्माण हटाने और पार्किंग के लिए स्वीकृत नक्शे के अनुसार जगह छोड़ने की नोटिस दी। इस पर राठौर ने नगर निगम में नए निर्माण पर नियमितीकरण के लिए आवेदन लगाया। नगर निगम ने आवेदन को अस्वीकृत करते हुए पूर्व के नक्शे का पालन करते हुए अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश दिया। नहीं हटाने पर 28 मार्च को नगर निगम ने 24 घंटे के बाद तोडफ़ोड़ की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी।

हाई कोर्ट में लगाई ऑनलाइन याचिका इस पर राठौर की ओर से अधिवक्ता गौतम खेत्रपाल ने शुक्रवार की रात 9ः00 बजे हाईकोर्ट में ऑनलाइन याचिका दायर की। याचिका रात को 11:40 बजे स्वीकृत कर ली गई। हाईकोर्ट के निर्देश पर सुबह 6ः00 बजे याचिका के दस्तावेज हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा कर दिए गए। इसके बाद सुबह 8.00 बजे जस्टिस राकेश मोहन पांडे की बेंच ने याचिका की सुनवाई की।

याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया कि स्वीकृत नक्शे के विपरीत कुछ निर्माण उसने किये हैं। वह इसे हटाने तथा स्वीकृत नक्शे के अनुसार बदलाव के लिए तैयार है। इसके लिए उसने 45 दिनों की मोहलत मांगी। कोर्ट ने नगर निगम का भी पक्ष इस विषय में सुना। नगर निगम ने समय देने का विरोध किया। सुनवाई के बाद नगर निगम की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को 3 सप्ताह का समय दिया है कि वह स्वयं अवैध निर्माण को हटाकर नक्शे के अनुरूप पार्किंग के लिए जगह छोड़े।

# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के शिविर का भंडाफोड़

**गढ़चिरौली,31 मार्च 2024 (ए)।** गढ़चिरौली पुलिस ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के एक शिविर का भंडाफोड़ किया है और वहां से कुछ जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य सामान जब्त किया है।




एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुलिस को देर रात खुफिया जानकारी मिली कि कुछ हथियारबंद नक्सली आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए चुटिनटोला गांव के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। स्थानीय पुलिस और गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 टीमों द्वारा तुरंत एक नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह 'सी-60' इकाइयां 450 मीटर ऊंची पहाड़ी की चोटी पर पहुंच गईं, जहां से नक्सली भाग चुके थे। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पहाड़ी की चोटी पर एक बड़ा आश्रय स्थल और नक्सली शिविर पाया गया। उन्होंने बताया कि नक्सली बेहद कठिन इलाके और पहाड़ों का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। अधिकारी ने कहा कि डेटोनेटर, जिलेटिन की छड़ें सहित कई सामान जब्त करके शिविर को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से लगी सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है।

# जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई तेज की

### आरक्षक और कई पुलिसकर्मी फंसे महादेव सट्टा मामले में, नोटिस जारी

**रायपुर,31 मार्च 2024(ए)।** जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक कई आईपीएस भी रडार में हैं।एसीबी-ईओडब्ल्यू ने छग पुलिस के कई आरक्षक और पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया है।




ये सभी महादेव सट्टा मामले में संलिप्त बताए जा रहे है। आरोप है कि सभी प्रदेश में महादेव सट्टा को सुरक्षित तरीके से संचालित कराने के लिए पैसे लेते थे।

महादेव बेटिंग एप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया गया है। इस पर यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे। एप के जरिये क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल जैसे खेलों और चुनावों में अवैध सट्टेबाजी भी की जाती थी। अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिये एप का जाल तेजी से फैला और सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खुले। इस एप से धोखाधड़ी के लिए एक पूरा खाका बनाया गया था। इसे लेकर ईडी ने कार्रवाई की है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी पैसे लेने के आरोप है। जब छग में बीजेपी की सरकार बनी तब ईडी ने एसीबी-ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पत्र में जो नाम आए हैं उसे क्लू मनाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दुर्ग जिले में दो से तीन आरक्षक इसी मामले में बर्खास्त किए गए है। गिरफ्तारी भी हुई है।

# नक्सलियों ने चार ट्रक वाहनों में लगाई आग

**नारायणपुर,31 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के तहसील छोटे डोंगर में देर रात नक्सलियों ने थाना परिसर से महज 500 मीटर की दूरी पर खड़ी ट्रक वाहनों में आग लगा दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौंके पर पहुंच गई है।



जानकारी के अनुसार देर रात 20 से 30 की संख्या में नक्सली ग्रामीण वेश भूषा में पहुंचे और ट्रक चालकों को पहले तो ट्रक से नीचे उतारा और मोबाइल फोन छीन कर एक तरफ खड़े कर दिया जिसके बाद लौह अयस्क लदे चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है।ये पूरी घटना नारायणपुर के तहसील छोटे डोंगर थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित हाई स्कूल के पास घटित हुआ है। बता दें छोटे डोंगर में आमदई माइंस निको जायसवाल प्राइवेट लिमिटेड की देख रेख में संचालित है। नक्सली इस माइंस का विरोध करते रहे हैं।

# स्वास्थ्य केंद्र ने गर्भवती महिला की इलाज के बजाय कर दी नसबंदी

**बलौदाबाजार,31 मार्च 2024 (ए)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा देने के बजाय परेशानी का सबब बनते जा रहे है। इलाज के नाम पर घोर लापरवाही की शिकायतें लगातार मिलने के बाद भी ग्रामीणों को राहत नहीं मिल पा रही है। बलौदाबाजार के कसडोल के मटिया ग्राम पंचायत के तेंदूभाठा से एक ऐसा ही लापरवाही का मामला सामने आया है जहां इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गई एक 3 माह 15 दिन की गर्भवती महिला का नशबंदी ऑपरेशन कर दिया गया। जिसके बाद उसकी हालत



खराब हो गई। हालात ये हो गए की गर्भवती महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

दरअसल यह पूरा मामला बलौदाबाजार जिले के कसडोल मटिया ग्राम पंचायत समुदाय स्वास्थ केंद्र का है, जहां एक 3 माह 15 दिन के गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर नशबंदी कर दिया गया है, जिससे कि गर्भवती महिला जिन्दगी और मौत की बीच जूझ रही है। बताया गया कि महिला को अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं थी। जिसके बाद वह दर्द का इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई हुई थी। इस मामले के बाद महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# जगदलपुर से हैदराबाद तक नियमित विमान सेवा शुरू

**रायपुर,31 मार्च 2024(ए)।** इंडिगो ने रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए आज (31 मार्च) से नियमित विमान सेवा शुरू कर दी है। 57 यात्रियों को लेकर यह फ्लाइट हैदराबाद से जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंची, जहां वायर कैनन से सैल्यूट किया गया। जिसके बाद निर्धारित समय के अनुसार फ्लाइट 32 यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए उड़ान भरी है। खास बात है शुरुआती किराया 2299 रुपए है,



लेकिन बाद में सीटों के हिसाब से रेट तय होगा। इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक, इंडिगो की यह फ्लाइट हरदिन हैदराबाद से जगदलपुर के लिए सुबह 10:50 को उड़ान भरेगी, जो 12:30 को जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। फिर यहां से 12:50 को रायपुर के लिए उड़ान भरकर 1:50 को रायपुर में लैंड करेगी। इसी तरह रायपुर से 2:10 को उड़ान भरने के बाद 3:10 को जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। इस फ्लाइट में एक बार में 72 यात्री यात्रा के सकते हैं। सीएम का ट्वीट - हवाई सेवा में बस्तर की ऊँची उड़ान जगदलपुर से हैदराबाद तक नियमित विमान सेवा शुरू हो चुकी है। आज प्रथम दिवस इंडिगो के नियमित विमान से हैदराबाद से यात्री जगदलपुर पहुँचे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की बस्तर के विकास के प्रति दूरदर्शी सोच से यहाँ हवाई सेवा का सपना साकार हुआ है। डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से बस्तर अब बड़े-बड़े शहरों से जुड़ रहा है। बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)